हरिभूमि
# रायपुर भूमि






## बीपी-शुगर की समस्या से बचने का तरीका बताएगा लाइफ स्टाइल क्लीनिक, मौजूद रहेंगे दो विधाओं के विशेषज्ञ

हरिभूमि सरोकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

साइलेंट एपेडेमिक के रूप में बढ़ रही बीपी-शुगर की समस्या से बचाव के लिए एलोपैथी के साथ आयुर्वेद के विशेषज्ञ तरीका बताएंगे। स्वास्थ्य विभाग इसके लिये पंडरी जिला अस्पताल में लाइफ स्टाइल क्लीनिक खोलने की तैयारी में है। यहां मरीजों को दवाओं के साथ बचाव के लिए योग से संबंधित जानकारी दी जाएगी। बदलती जीवनचर्या की वजह ▶▶|शेष पेज 13 पर

### कोरोना वार्ड का उपयोग

जिला अस्पताल में कोरोना की दूसरी लहर के बाद आपदा से बचने के लिए बड़ी संख्या में कोरोना के लिए आइसोलेशन वार्ड बनाए गए थे। इन वार्डों का उपयोग तो संक्रमितों के इलाज के लिए नहीं हो पाया था क्योंकि तीसरी लहर उतनी घातक नहीं थी। आइसोलेशन वार्ड तब से बेकार पड़े हुए हैं, जिसका उपयोग लाइफ स्टाइल क्लीनिक के रूप में किये जाने की तैयारी की जा रही है। यह वार्ड जिला अस्पताल के मुख्य भवन से अलग है।

### टेलीमेडिसिन सेंटर भी

प्रदेश के मरीजों को ऑनलाइन तरीके से टेलीमेडिसिन सेवा देने की शुरुआत कोरोना महामारी के दौरान की गई थी। टेलीमेडिसिन सेवा के दौरान मुख्यालय में बैठे चिकित्सा विशेषज्ञ फोन अथवा वीडियो कॉल के माध्यम से मरीजों की परेशानी का समाधान करते हैं। इस सुविधा को प्रदेश में निरंतर बनाए रखने के लिए जिला अस्पताल पंडरी में कॉल सेंटर बनाने की योजना थी जिसे अब पुनः प्रारंभ किया गया है। इसके लिए भी कुछ कोविड वार्ड का उपयोग किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### विवि के दस्तावेज चोरी कर फेसबुक में किया पोस्ट, एफआईआर

**रायपुर।** स्वामी विवेकानंद तकनीकी विवि द्वारा अपने एक कर्मचारी के खिलाफ पुलिस में शिकायत की गई है, जिसके बाद एफआईआर दर्ज कर जांच की जा रही है। विवि द्वारा उक्त कर्मचारी पर निजी दस्तावेज चोरी कर फेसबुक, एक्स सहित अन्य सोशल साइट्स पर अपलोड करने के आरोप लगाए गए हैं। तकनीकी विवि के शोध प्रकोष्ठ के तत्कालीन कर्मचारी ओपी मिश्रा व अन्य के खिलाफ विश्वविद्यालय के कुलसचिव द्वारा नेवई थाना में यह एफआईआर करवाई गई है।

### स्कूटर की डिक्की से एक लाख पार

**रायपुर।** राजधानी रायपुर के कलेक्टोरेट परिसर में दिनदहाड़े एक स्कूटी से एक लाख रुपए की चोरी हो गई। छत्तीसगढ़ वेयरहाउस कार्पोरेशन में कार्यरत विनय कुमार रामटेके की स्कूटर की डिक्की से अज्ञात चोर ने यह रकम चुरा ली। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गुढ़ियारी निवासी विनय मंगलवार को सुबह निजी कार्य से एक लाख रुपये नकद लेकर कार्यालय पहुंचे थे। दोपहर करीब दोपहर 2.45 बजे वे अपने सहकर्मी जितेंद्र बंजारे के साथ कार्यालयीन कार्य से कलेक्टोरेट स्थित ट्रेजरी कार्यालय पहुंचे। उन्होंने अपनी स्कूटर की डिक्की में यह रकम रखकर उसे लॉक कर पोस्ट ऑफिस के सामने परिसर में पार्क किया। इसी दौरान कोई अज्ञात चोर डिक्की खोलकर रुपए चोरी कर ले गया। पुलिस ने इस मामले में अपराध पंजीबद्ध किया है।

### नशीली टेबलेट के साथ दो गिरफ्तार

**रायपुर।** तेलीबांधा पुलिस ने नशीली प्रतिबंधित टेबलेट के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस को मुखबिर से 20 मई को सूचना मिली कि श्मशानघाट के पास दो युवक प्रतिबंधित नशीली टेबलेट बेचने के लिए रखे हुए हैं। पुलिस ने इस सूचना पर दोनों आरोपी बरुण सेन्द्रे निवासी बीएसयूपी कालोनी तेलीबांधा एवं प्रवीण केशरवानी निवासी न्यू मण्डी गेट पण्डरीतराई मोवा को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से कुल 282 नग प्रतिबंधित नशीली टेबलेट जब्त की है। दोनों के विरुद्ध धारा 21(ख) नारकोटिक एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

समीक्षा बैठक में प्राचार्यों को फटकार, वेतनवृद्धि रोकने की तैयारी, व्याख्याताओं पर भी गाज

## राजधानी के 65 स्कूलों में नतीजे 55% से कम, प्राचार्यों को नोटिस, श्याम नगर में 2, पुरानी बस्ती में 13 छात्र ही उत्तीर्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

राजधानी के 65 प्राचार्यों को जिला शिक्षा कार्यालय द्वारा नोटिस थमाया गया है। इन स्कूलों में परीक्षा परिणाम 50% से कम या इसके आस-पास रहे हैं। दसवीं कक्षा में खराब परीक्षा परिणाम के चलते गौरेला-पेंड्रा-मरवाही के जिला शिक्षा अधिकारी को एक दिन पूर्व ही मुख्यमंत्री द्वारा हटाने के निर्देश दिए गए थे। खराब परीक्षा परिणाम के मामले में मरवाही के बाद दूसरे स्थान पर राजधानी रायपुर ही है। यहां दसवीं कक्षा में 66.24% छात्र ही उत्तीर्ण हो सके हैं। वहीं बारहवीं के परिणाम भी विशेष उल्लेखनीय नहीं रहे हैं। प्रदेश के एक दर्जन से अधिक स्कूलों में 12वीं के परिणाम 80% से अधिक रहे, लेकिन रायपुर इसमें भी अपनी जगह नहीं बना सका। 12वीं में 79.94% छात्र ही उत्तीर्ण हुए हैं। ▶▶|शेष पेज 13 पर

### एक दिन पूर्व ही हटाए गए थे मरवाही के जिला शिक्षा अधिकारी

#### ढूंढे जाएंगे कारण

जिन स्कूलों के परिणाम खराब रहे हैं, अब उसके कारण ढूंढे जाएंगे। इन कारणों को ढूंढकर नवीन शैक्षणिक सत्र के आरंभ से ही कमियों को दूर करने की कोशिश की जाएगी। वार्षिक परीक्षाओं के पूर्व अर्द्धवार्षिक परीक्षा परिणाम के आधार पर खराब नतीजों वाले स्कूलों में अतिरिक्त कक्षाएं संचालित करने तथा कमजोर छात्रों पर फोकस करने निर्देशित किया गया था। इसका भी पालन गंभीरता से स्कूलों में नहीं किया गया। खराब परिणामों वाले स्कूलों में 50 फीसदी ऐसे हैं, जिन्होंने अतिरिक्त कक्षाओं का संचालन आवश्यकता के बाद भी नहीं किया।

■ दसवीं कक्षा में 66 .24 प्रतिशत के साथ खराब परिणामों में दूसरे स्थान पर है रायपुर


दसवीं में खराब नतीजों में मरवाही अव्वल, दूसरे स्थान पर रायपुर, बारहवीं में मनेंद्रगढ़ सबसे कमजोर

13 मई को प्रकाशित खबर

#### निजी स्कूलों ने बचाई लाज

छात्रों का उत्तीर्ण प्रतिशत शासकीय और निजी दोनों विद्यालयों को मिलाकर निकाला जाता है। जिले के निजी स्कूलों का प्रदर्शन शासकीय विद्यालयों की तुलना में अच्छा रहा है। थोक में ऐसे प्राइवेट स्कूल हैं, जहां नतीजे 100 प्रतिशत रहे। इसके कारण औसत प्रतिशत बेहतर हो सके। यदि केवल शासकीय विद्यालयों के आंकड़े गिने जाते तो उत्तीर्ण होने वाले छात्रों का प्रतिशत और कम होता। दसवीं और बारहवीं दोनों ही कक्षाओं में निजी विद्यालयों के नतीजे शासकीय स्कूलों की तुलना में बेहतर रहे हैं।

#### जेएन पांडेय का भी प्रदर्शन खराब

जिन प्राचार्यों को नोटिस जारी किए गए हैं, उनमें से अधिकतर शहर के स्कूलों के हैं। रायपुर ग्रामीण का परिणाम रायपुर शहर की तुलना में अच्छा रहा है। खराब प्रदर्शन वाले विद्यालयों में शहर के सबसे प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों में शामिल प्रो.जेएन पांडेय स्कूल का भी नाम है। इसके अलावा प्रीतम सिंह सैनी हायर सेकेण्डरी स्कूल श्याम नगर में सिर्फ 2 छात्र ही उत्तीर्ण हो सके हैं। पुरानी बस्ती शासकीय विद्यालय में 13 छात्र ही उत्तीर्ण हुए हैं। इसी तरह नयापारा विद्यालय के नतीजे 30 प्रतिशत ही रहे। इनमें कई विद्यालयों में शिक्षक तय पद संख्या से अधिक हैं, इसके बाद भी परिणाम खराब रहे।

## तेज धूप के बाद चली हवा से थोड़ी राहत, दुर्ग में बारिश भी हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दोपहर की कड़ी धूप के बाद शाम होते ही चली हवा ने गर्मी से राहत दिलाई है। मौसम में हुए बदलाव की वजह से दुर्ग में बारिश भी हुई है। अगले तीन दिनों तक इसी तरह मौसम में उतार-चढ़ाव होने की संभावना बनी हुई है। मंगलवार को दुर्ग सर्वाधिक गर्म रहा और रायपुर के तापमान में भी थोड़ी बढ़ोतरी हुई।



■ जारी रहेगा मौसम में उतार-चढ़ाव का दौर


मौसम विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञों के मुताबिक प्रदेश के मौसम में बड़ा बदलाव होने के आसार अभी नहीं हैं, मगर आने वाले दिनों में दक्षिण- पश्चिम मानसून के केरल पहुंचने के बाद स्थिति बदलने की संभावना है। अरब सागर से आने वाली नमी के असर यहां भी बारिश की गतिविधि बढ़ सकती है। राज्य में आग उगलने वाली गर्मी का असर अब होने की संभावना नहीं दिख रही है, मगर अभी पड़ने वाली बेचैनी भरी गर्मी लोगों को ज्यादा हलाकान किए हुए हैं। मंगलवार को दिन के मौसम में बड़ा बदलाव नहीं हुआ, मगर शाम होने की बाद तेज गति से हवा चली। दुर्ग में इसके प्रभाव से बारिश भी हुई, मगर इसके पहले दुर्ग का तापमान 41.6 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। रायपुर का पारा 41.6 तक पहुंचा और बिलासपुर 39.0 डिग्री सेल्सियस पर अटका रहा है। यह भी संभावना है कि अगले तीन दिनों तक प्रदेश में बारिश और अंधड़ की गतिविधि बढ़ सकती है।

## ट्रकों में एथिलीन से पक रहे फल, दो दिन की दूरी में ही बदल रहा स्वाद और रंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी में दूसरे राज्यों से आने वाले फल अब प्राकृतिक तरीके से नहीं, बल्कि एथिलीन की पुड़ियों से पकाकर भेजे जा रहे हैं। ये फल दिखने में भले ही नेचुरली पके हुए लगते हैं, लेकिन इनका स्वाद और गुणवत्ता दोनों ही कृत्रिम हो चुके हैं। यह प्रकिया वर्षों से चली आ रही है, लेकिन अब कार्रवाई से बचने के लिए इसे ट्रकों में ही अंजाम दिया जा रहा है। हरिभूमि टीम ने इस पूरी प्रक्रिया को समझने का प्रयास किया। ओडिशा, मध्यप्रदेश, कर्नाटक, नागपुर, तेलंगाना, ▶▶|शेष पेज 13 पर

■ दूसरे राज्यों से आने वाले फल रास्ते में ही पक रहे , मंडी तक पहुंचते मिलावटी स्वाद



### दो दिन में पक कर मीठे हो जाएंगे

जवाहर नगर फल मंडी में स्थिति और साफ थी। वहां आम की पेटियों में एथिलीन की पुड़ियां दिखाई दीं। मजदूरों ने बताया कि इन्हें 2-3 दिनों में पीला और ज्यादा मीठा बना दिया जाएगा। वहीं व्यापारियों ने साफ कहा कि अब फल गाड़ियों में ही पका कर भेजे जाते हैं, ताकि यहां की प्रक्रिया और कार्रवाई से बचा जा सके। गुजरात, हैदराबाद और महाराष्ट्र से प्रतिदिन 100 से 120 टन केसर, बादाम, हापुस और रत्नागिरी प्रजाति के आम मंडी में पहुंच रहे हैं। इन फलों को तेजी से पकाने के ▶▶|शेष पेज 13 पर

### देशभर से कच्चा केला ही आता है

देशभर से आने वाला केला कच्चा ही भेजा जाता है, जिसे यहां कृत्रिम तरीके से पकाया जाता है। हरिभूमि टीम ने जब लालपुर और जवाहर नगर की फल मंडियों का जायजा लिया, तो चौंकाने वाली हकीकत सामने आई। लालपुर मंडी में जब केले के व्यापारियों से पहचान छुपाकर बात की गई, तो उन्होंने बताया कि सभी केले कच्चे आते हैं और इन्हें पत्तों में लपेटकर एथिलीन की पुड़ियों के बीच रखा जाता है। दिन में दो बार इन पर रोशनी दी जाती है, जिससे ये 3-4 दिनों में पीले और पके हुए दिखने लगते हैं। जब हमने खरीदार बनकर पूछा कि क्या ये पक चुके हैं, तो जवाब मिला- अभी कच्चे हैं, लेकिन दो दिन में पक कर मीठे हो जाएंगे।

### सिस्टम की पकड़ से बाहर है फलों को कृत्रिम पकाने की प्रक्रिया

राजधानी में केले और आम जैसे फलों को कृत्रिम रूप से पकाने का चलन तेजी से बढ़ा है। हालांकि खाद्य एवं औषधि विभाग की ओर से इस पर कार्रवाई के प्रावधान हैं, लेकिन लंबे समय से इस दिशा में कोई ठोस कदम देखने को नहीं मिला है। दूसरे राज्यों से पहले से ही एथिलीन से पकाकर भेजे जा रहे फलों पर स्थानीय स्तर पर निगरानी और कार्रवाई लगभग न के बराबर है। नतीजतन, व्यापारियों में किसी भी प्रकार की सख्ती या कार्रवाई का डर नहीं रह गया है।




समय पर नहीं पहुंच रही पैसेंजर ट्रेन, लगातार रद्द हो रही ट्रेनों से यात्री परेशान

## 12 दिनों तक इतवारी एक्सप्रेस नहीं चलेगी, आज और कल बिलासपुर, जूनागढ़ रोड, कोरबा पैसेंजर रहेगी रद्द

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर मंडल में यात्री ट्रेनों की स्थिति इन दिनों खराब चल रही है। रेलवे ने कई पैसेंजर ट्रेनों को रद्द कर दिया है, जबकि जो ट्रेनें चल रही हैं, वे आउटर सिग्नल पर लंबे समय तक रोजाना खड़ी हो रही हैं। इससे यात्रियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। रेलवे ने चक्रधरपुर मंडल के गामहारीया और सीनी सेक्शन में टीआरटी मशीन के लिए मेगा ब्लॉक का हवाला देते हुए इतवारी एक्सप्रेस को 12 दिनों और



टाटानगर-बिलासपुर एक्सप्रेस को 5 दिनों के लिए रद्द कर दिया है। इन ट्रेनों में प्रतिदिन हजारों यात्री सफर करते हैं, और इनके रद्द होने से यात्रियों को काफी कठिनाई होगी। इसके अतिरिक्त, निपनिया यार्ड ईस्ट एंड पर रिलीविंग गर्डर की डी-लॉन्चिंग के लिए ट्रैफिक कम पावर ब्लॉक लिया ▶▶|शेष पेज 13 पर

### परिवर्तित मार्ग से चलने वाली ट्रेन

■ 20 व 27 मई 03, 10, 17 व 24 जून को पुरी से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 18477 पुरी-योग नगरी ऋषिकेश उत्कल एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग व्हाया कटक-संबलपुर सिटी-झारसुगुड़ा रोड-ईब के रास्ते चलेगी।

■ 22 मई 01, 08, 15, 22 व 29 जून योग नगरी ऋषिकेश से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 18478 ▶▶|शेष पेज 13 पर

### रद्द होने वाली गाड़ियां

■ 21, 24, 28, 31 मई व 04, 07, 11, 14, 18, 21, 2़ून को 18109/18110 टाटानगर-नेताजी सुभाष चंद्र बोस(इतवारी)-टाटानगर एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

■ 21 मई व 04, 11, 18, 25 जून को 18113 टाटानगर-बिलासपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

■ 22 मई व 05, 12, 19, 26 जून को 18114 बिलासपुर-टाटानगर एक्सप्रेस रद्द रहेगी ।

■ 21 मई को गाड़ी संख्या 58201 बिलासपुर-रायपुर पैसेंजर रद्द रहेगी ।

■ 21 मई को 58207 रायपुर-जूनागढ़ रोड पैसेंजर रद्द रहेगी।

■ 22 मई को 58208 जूनागढ़ रोड - रायपुर पैसेंजर रद्द रहेगी।

■ 22 मई को 58204 रायपुर – कोरबा पैसेंजर रद्द रहेगी।

## खबर संक्षेप

### एकांश को12वीं सीबीएसई में मिला 92.8 प्रतिशत अंक



**अभनपुर।** शिवांश इंटरनेशनल स्कूल, पिपरौद के छात्र एकांश कुमार साहू ने कक्षा 12वीं की सीबीएसई परीक्षा में 92.8 प्रतिशत अंक अर्जित कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। उनकी इस उत्कृष्ट उपलब्धि पर स्कूल प्रबंधन, शिक्षकों, परिजनों एवं नगरवासियों ने शुभकामनाएं दी। एकांश की इस सफलता से उनके माता-पिता का भी नाम रोशन हुआ है। वे परमेश्वर साहू एवं निलेश्वरी साहू के सुपुत्र हैं। एकांश की मेहनत, लगन और अनुशासन ने यह सिद्ध कर दिया कि निरंतर प्रयास से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। विद्यालय प्रबंधन ने उनके उज्वल भविष्य की कामना की हैं।

### ट्रेन की चपेट में आने से युवक का पैर कटा

**सिलयारी।** रायपुर से बिलासपुर जाने वाली लोकल ट्रेन के चपेट में आने से एक युवक का बाया पैर कट गया। बताया जा रहा है कि युवक सुनील ध्रुव पिता दयाराम ध्रुव उम्र 31वर्ष पंडरी कालीमाता वार्ड निवासी हैं। यह घटनास्थल सिलयारी रेल्वे स्टेशन के आघे सिग्नल के पास की है, जब ट्रेन को सिग्नल नहीं मिला तो वहीं रुकी थी। उसी समय युवक सिक्रेट पीने निचे उतरे थे। कुछ समय बाद ट्रेन चलने लगे तो युवक जल्दी जल्दी चढ़ने के दौरान यहां हादसा हुआ घटना का समय लगभग 4:30 बजे की है। घटना की सूचना सिलयारी पुलिस चौकी को दी। मौके पर पुलिस पहुंची और युवक को रायपुर मेकाहारा उपचार के लिए भेज दिया।

### अज्ञात लुटेरों ने युवक से नगदी मोबाइल, पर्स लूटे, मौके से फरार

**तिल्दा नेवरा।** तिल्दा नेवरा शहर व क्षेत्र धीरे धीरे अपराधियों का गढ़ बनते जा रहा है, अपराधी बेखौफ होकर घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। मिली जानकारी अनुसार रविवार रात्रि अज्ञात लुटेरों ने नगदी मोबाइल, पर्स आदि लूटकर फरार हो गए। अज्ञात लूटोरियों ने सिलपट्टी मार्ग पर हथबंध के पास बैठे दो युवकों को चाकू दिखाकर 1700 रुकते नगद और मोबाइल लूटकर फरार हो गए। इसी तरह उसी रात्रि सरोरा शराब दुकान के आगे एक ईंट भट्ठा के पीछे से जा रहे तीन युवकों को मोटरसाइकिल में सवार अज्ञात लगभग 6 लड़के आए और चाकू दिखाकर मोबाइल, पर्स, नगदी रकम लूटकर फरार हो गए। दोनों घटनाओं की अलग-अलग मौखिक जानकारी नेवरा थाने में दे दी गई है। नेवरा पुलिस अज्ञात लुटेरों की पतासाजी में जुटी है।

## निधन

### सुशीला पटेल



**अभनपुर।** ग्राम खोरपा निवासी सुशीला पटेल उम्र 53 वर्ष का निधन हो गया। अंतिम संस्कार 18 मई को स्थानीय मुक्तिधाम मे किया गया। उनका संपूर्ण कार्यक्रम 26 मई को संपन्न होगा। वे पटेल समाज अभनपुर राज कोषाध्यक्ष डॉ. मधुसूदन पटेल की पत्नी एवं भीमा पटेल,रीतेश पटेल की माता थी।

**समस्या :** धरसींवा में बिजली संकट, ब्लैकआउट से जनजीवन प्रभावित

# भीषण गर्मी में बिजली गुल, पंखे-कूलर एसी बंद होने से बच्चे और बुजुर्ग बेहाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धरसींवा

धरसींवा विद्युत मंडल इन दिनों अपनी बदहाली के चरम पर है, जिसका खामियाजा क्षेत्र की आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। पिछले कई हफ्तों से, और अब तो लगभग हर रात, धरसींवा और आसपास के इलाकों में बिजली गुल होना एक सामान्य बात हो गई है। रात्रि में होने वाले ये ब्लैकआउट इतने लंबे होते हैं कि आधी रात में बिजली आने की उम्मीद सिर्फ ऑपरेटरों के भरोसे रह गई है, जिससे जनता में भारी आक्रोश और निराशा है। ब्लाक मुख्यालय व अंचल में रोज़ाना के ब्लैकआउट से जनजीवन प्रभावित चरमराई हुई है। संध्या ढलते ही धरसींवा में बिजली कब जाएगी, इसका कोई ठिकाना नहीं रहता। रात गहराते ही बिजली आपूर्ति बाधित होना अब एक नियम सा बन गया है। आलम यह है कि कई बार तो आधी रात तक बिजली नहीं आती, जिससे लोगों की नींद हराम हो जाती है। भीषण गर्मी में पंखे, कूलर और एयर कंडीशनर बंद हो जाने से बच्चे, बुजुर्ग और बीमार लोग सबसे ज्यादा परेशान हैं। छोटे व्यापारी, जिनकी दुकानें रात में चलती हैं, उन्हें भी भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। छात्रों की पढ़ाई बाधित हो रही है और घरों में रोजमर्रा के काम भी प्रभावित हो रहे हैं। स्थानीय निवासियों का कहना है कि प्रशासन और विद्युत विभाग 'सुशासन' के बड़े-बड़े दावे तो करता है, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है। वर्षों से चली आ रही इस समस्या का कोई ठोस समाधान नहीं निकाला गया है। बार-बार शिकायतें करने के बावजूद स्थिति में कोई सुधार नहीं दिख रहा है। जनता सवाल उठा रही है कि आखिर कब तक उन्हें इस अव्यवस्था का शिकार होना पड़ेगा।



### आधी रात ऑपरेटरों के भरोसे सिस्टम

स्थानीय लोगों के अनुसार, रात में बिजली जाने के बाद उसे बहाल करने की प्रक्रिया भी बेहद लचर है। कई बार तो ऐसा लगता है कि पूरा सिस्टम केवल रात के ड्यूटी पर तैनात ऑपरेटरों के भरोसे चल रहा है। जब तक ऑपरेटर काम नहीं करते, तब तक बिजली वापसी की कोई गारंटी नहीं होती। इससे आपातकालीन सेवाओं पर भी बुरा असर पड़ रहा है और कई बार तो लोग बिजली न होने के कारण स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का सामना करने को मजबूर होते हैं।

### सुधार कार्य जारी

हवा तूफान के कारण बिजली सप्लाई में बाधा आती है। स्टॉप की कमी और जर्जर तार खम्बे भी बड़ा कारण है। जल्द ही अनवरत बिजली सप्लाई के लिए सुधार कार्य जारी है।

- उपेंद्र वैष्णव,जूनियर कनिष्ठ यंत्री धरसींवा

### तकनीकी खामियां या प्रबंधन की लापरवाही पर सवाल

विद्युत मंडल की इस खस्ता हालत के पीछे कई कारण बताए जा रहे हैं। जर्जर तार, पुराने ट्रांसफार्मर, और अपर्याप्त रखरखाव प्रमुख समस्याएं हैं। इसके अलावा, कर्मचारियों की कमी और उचित निगरानी का अभाव भी इस स्थिति को और गंभीर बना रहा है। प्रश्न यह उठता है कि क्या यह केवल तकनीकी खामियां हैं या फिर विद्युत मंडल के प्रबंधन की घोर लापरवाही? धरसींवा की जनता अब इस समस्या का स्थायी समाधान चाहती है। उनकी मांग है कि विद्युत मंडल अपनी प्रणाली को दुरुस्त करे, पुराने उपकरणों को बदले, पर्याप्त कर्मचारियों की नियुक्ति करे और 24 घंटे विश्वसनीय बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करें।

## मानस संघ रायपुर के पदाधिकारियों का हुआ पुनर्गठन नारायण राम बने अध्यक्ष



हरिभूमि न्यूज ▶▶ आरंग

रविवार को ग्राम पिपरौद में मां कौशल्या जिला मानस संघ रायपुर का पुनः पुनर्गठन हुआ। जिसमें आरंग सहित बड़ी संख्या में जिले भर से मानस प्रेमियों ने भाग लिया। जिसमें सर्व सम्मति से नयापारा से, नारायण राम साहू को अध्यक्ष, चरौदा आरंग के पोयम शरण साहू को महासचिव तथा सम्मानपुर से रोहित साहू को कोषाध्यक्ष के पद पुनः मनोनीत किया गया। वहीं उपाध्यक्ष श्यामलाल तारक ठेलका, यशवंत साहू भटगांव, सोहन साहू धरसीवां, बिसहत राम साहू राखी, महिला उपाध्यक्ष भारती साहू धरमपुरा, सीमा साहू बजरंगपुर, सहसचिव चंद्रशेखर विश्वकर्मा चंपारण को मनोनीत किया गया। वहीं संरक्षक रेखराम साहू पिपरौद, पुराणिक हिरवानी निषदा, नारायण प्रसाद वर्मा अमेरी, शत्रुघ्न लाल सिन्हा आलेखुटा, लालाराम वर्मा मंदलोर, सचेतक के रूप में लतेल जायसवाल का मनोनयन किया गया।

इस तरह नये पदाधिकारियों के मनोनयन से चारों ब्लाक में निर्मित 11 शक्ति केन्द्रो के मानस प्रेमियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए सभी पदाधिकारियों को बधाई दिए। महासचिव पोयम शरण साहू ने बताया उक्त पदाधिकारियों का कार्यकाल तीन वर्ष का होता है। नये पदाधिकारियों के मनोनयन से मानस प्रेमियों में काफी उत्साह है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में रामचरित मानस प्रेमियों की सहभागिता व उपस्थिति रही।

## गुल्लू में तिरंगा यात्रा निकली




**आरंग।** ग्राम पंचायत गुल्लू में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें देशभक्ति की भावना दिखा। आपरेशन सिंदूर की सफलता का जश्न पूरे देश में बड़े गर्व और उत्साह के सहयोग के साथ मनाया जा रहा है। यात्रा में ग्राम पंचायत पंच, सरपंच एवं ग्रामीणजन शामिल हुए और जमकर देशभक्ति के नारे लगाए। गांव देशभक्ति के रंग में रंगा दिखा। कार्यक्रम में सरपंच प्रतिनिधि चंद्रशेखर साहू, उपसरपंच योगेश्वर साहू, पंच अशोक यादव, अरविंद टंडन, टिकेश साहू, धनेश्वरी धीवर, सतरूपा टंडन, भुनेश्वर साहू, हेमराज टंडन, धनेश्वर धीवर, पुष्पा यादव, पिंकी सोनवानी, मीना साहू, दुर्गेश्वरी बंजारे, किरण धीवर, कमलेश्वरी साहू, केश्वरी पटेल और ग्रामीणजन शामिल हुए।

## पीएमश्री स्कूल भानसोज का परीक्षा परिणाम रहा उत्कृष्ट

**आरंग।** शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर पीएमश्री प्राथमिक विद्यालय भानसोज (आरंग) ने एक बार फिर अपने उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम से सभी को गौरवान्वित किया है। हाल ही में सम्पन्न हुए वार्षिक परीक्षाओं में विद्यालय के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए उच्च अंक प्राप्त किए हैं। विद्यालय के कक्षा 1 से 5 तक के छात्रों ने विभिन्न विषयों में न केवल सफलता हासिल की, बल्कि कई विद्यार्थियों ने 90% से अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय का मान बढ़ाया। यह परिणाम विद्यालय के शिक्षकों की कड़ी मेहनत, समर्पण और विद्यार्थियों की लगन का प्रत्यक्ष प्रमाण है। उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए यीशीका माखीजा 94% स्कूल में प्रथम, योगिता देवांगन 91% स्कूल में द्वितीय, टोमेश्वरी धीवर 88%, धनेश्वरी साहू 86%, गोपिका यादव 84% अंकों से सफलता प्राप्त की। प्रधान पाठक चंद्रशेखर साहू, वरिष्ट शिक्षक धरम दास पाटिल ने इस उपलब्धि पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा, हमारे शिक्षकगण, विद्यार्थियों की समग्र विकास पर बल देते हैं।

## लक्षवीर एजुकेशनल एक्सीलेंस नेशनल आईकॉन अवार्ड से सम्मानित



**अभनपुर।** मंगलवार को विकासखंड अभनपुर के ग्राम मुंडरा (रवेली) निवासी एवं शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय चंडी के प्रभारी प्रधानाध्यापक लक्षवीर बांधे को दिल्ली में आयोजित एक भव्य समारोह में एजुकेशनल एक्सीलेंस नेशनल आईकॉन अवार्ड 2025 से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें भारतीय साहित्य संस्कृति अकादमी एवं समता साहित्य अकादमी, नई दिल्ली द्वारा आयोजित नेशनल एंड इंटरनेशनल आईकॉन अवार्ड 2025 कार्यक्रम के अंतर्गत प्रदान किया गया। यह प्रतिष्ठित सम्मान उन्हें शिक्षा, लोक कला, साहित्य एवं समाज सेवा के क्षेत्र में उनके विशिष्ट योगदान के लिए दिया गया। अवार्ड समारोह में यह सम्मान डॉ. अभिषेक वर्मा, संजीव सहगल, बिश्वेन्द्र पासवान, डॉ. डीएस तांडेकर और ई. हरिशंकर द्वारा प्रदान किया गया। बांधे छत्तीसगढ़ के प्रख्यात लोकगायक, साहित्यकार, गीतकार, और सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में भी जाने जाते हैं। वे सतनामी समाज उपतहसील परिक्षेत्र खोरपा के अध्यक्ष होने के साथ-साथ, समाज एवं संस्कृति को बढ़ावा देने हेतु कार्यरत हैं।

## अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष छाबड़ा कल करेंगे पदभार ग्रहण

**रायपुर।** प्रदेश के अल्पसंख्यक आयोग के नवनियुक्त अध्यक्ष अमरजीत छाबड़ा का पहभार ग्रहण समारोह 22 मई को अटलबिहारी वाजपेयी सभागार (मेडिकल कॉलेज परिसर) में होगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह करेंगे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, प्रदेश के उपमुख्यमंत्री अरुण साव व विजय शर्मा, कैबिनेट मंत्री केदार कश्यप, ओपी चौधरी, श्यामबिहारी जायसवाल, सांसद बृजमोहन अग्रवाल व रूपकुमारी चौधरी, विधायक धरमलाल कौशिक, राजेश मूणत, सुनील सोनी, पुरंदर मिश्रा, मोतीलाल साहू, अनुज शर्मा, सम्पत अग्रवाल, सुशांत शुक्ला, गुरु खुशवंत साहेब, योगेश्वर राजू सिन्हा, महापौर मीनल चौबे, सभापति सूर्यकांत राठौर, रायपुर शहर जिला अध्यक्ष रमेश ठाकुर, सहित काफी संख्या में भाजपा नेता, पदाधिकारी और कार्यकर्ता तथा विभागीय अधिकारी उपस्थित रहेंगे। समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अल्पसंख्यकों के सर्वतोमुखी विकास व कल्याण की दृष्टि से घोषित 15 सूत्रीय नवीन कार्यक्रमों पर चर्चा होगी।

## टोहड़ा स्कूल में समर कैंप आयोजित



**तिल्दा नेवरा।** अंचल में आदर्श विद्यालय के रूप में स्थापित शासकीय विद्यालय तोहड़ा में नोडल प्राचार्य आर एक्का के मार्गदर्शन में स्वैच्छिक रूप से छत्तीसगढ़ शासन द्वारा समर कैंप का आयोजन विद्यालय प्रांगण में आयोजित किया गया। जिसमे शिक्षको द्वारा बच्चों को विभिन्न प्रकार के मास्टर ट्रेनर डोमार वर्मा द्वारा मनोरंजक खेल दिनेश कुमार आडिल द्वारा ज्ञानवर्धक जानकारी नोतन साहू द्वारा योग शिक्षा अजीत वर्मा द्वारा खेल मंजू पैकरा और विद्या वर्मा द्वारा डांस कमला वर्मा द्वारा जुंबा डांस माहेश्वरी वर्मा द्वारा मेंहदी, प्रतिभा अचारी, उषा एक्का द्वारा गायन और वादन विक्रांत पैकरा द्वारा ड्राइंग और पेंटिंग हीरालाल सिन्हा द्वारा कबाड़ से जुगाड़ कमल साहू द्वारा व्यायाम रविन्द्र टोप्पो द्वारा क्ले आर्ट आदि की शिक्षा दिया जा रहा है। इस समर कैंप में टोहड़ा, छपोरा, सरारी, चंगोरी, पाहरी, मानपुर, परसदा, तुलसी, अल्दा आदि गांवों से छात्र-छात्राओं ने सम्मिलित होकर लाभ उठाए है।

## लखौली मे निकली तिरंगा यात्रा




हरिभूमि न्यूज ▶▶ आरंग

ऑपरेशन सिंदूर के अंतर्गत लखौली ग्राम पंचायत में आजादी और राष्ट्रीय एकता के प्रतीक तिरंगा यात्रा का आयोजन धूमधाम से किया गया। इस अवसर पर सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण, महिला समूह, युवा एवं पंचायत प्रतिनिधि शामिल हुए। यात्रा गांव के मुख्य मार्गों से होते हुए पंचायत भवन तक पहुंची, जहां देशभक्ति गीतों, नारों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने माहौल को भावविभोर कर दिया। उक्त मौके पर ग्राम पंचायत सरपंच हीरामन साहू ने कहा कि तिरंगा केवल एक ध्वज नहीं, हमारी अस्मिता, बलिदान और संकल्प का प्रतीक है। ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से गांव-गांव में देशभक्ति की अलख जगाना एक सराहनीय प्रयास है। हम सभी को मिलकर राष्ट्र निर्माण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। तिरंगा यात्रा में बच्चों में विशेष उत्साह देखने को मिला, जिन्होंने हाथों में तिरंगा लिए 'भारत माता की जय' और 'वंदे मातरम्' जैसें नारों से वातावरण को देशभक्ति से ओतप्रोत कर दिया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रीय गान और सामूहिक प्रण के साथ हुआ, जिसमें सभी ने देश की अखंडता और विकास में योगदान देने का संकल्प लिया। इस अवसर पर सरपंच हिरामन साहू, उपसरपंच भीमा मोहन साहू, घनश्याम गिधौड़े सहित सभी पंचगण व बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## कुत्तों के आंतक से राहगीरों में दहशत का माहौल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलयारी

धरसीवा ब्लाक मुख्यालय के अंतर्गत धरसीवां सारागांव मुख्य मार्ग पर स्थित एलएम पोल्ट्री फॉर्म है। ग्राम पंचायत कुरुद सिलयारी में लगातार पोल्ट्री फॉर्म कुत्तों के आंतक से राहगीरों में दहशत का माहौल देखने को मिला। मंगलवार सुबह सुबह ग्रामीण पुष्पेंद्र चक्रधारी और सरस्वती चक्रधारी दोनों अपने मोटर सायकल में सवार होकर अपने ईटा भट्ठा जा रहे थे।

तभी एलएम पोल्ट्री फॉर्म की मालिक अपने पालतू कुत्तों का झुंड लेकर रोड पर टहल रहीं थी, तभी कुत्तों का झुंड राहगीरों पर हमला कर दिया जिससे पुष्पेंद्र चक्रधारी और सरस्वती चक्रधारी दोनों जख्मी हो गए। जिसका वीडियो स्थानीय लोगों ने वीडियो बना लिया तभी पोल्ट्री फार्म के मालिक ने वीडियो बनाने वाले राहगीरों को अश्लील गाली गलौज कर अपने कुत्तों से अटेक करवा और पुष्पेंद्र चक्रधारी का कालर पकड़ कर मारने लगी उसके साथ उनके मां सरस्वती चक्रधारी को भी चप्पल से मारने लगी। दोनो घायलों का उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सिलयारी लाया गया। इस घटना की जानकारी पुलिस चौकी सिलयारी को दी गयी। जिसकी सिलयारी पुलिस ने विवेचना में लिया और उचित कार्रवाई करने की ग्रामीणों को आश्वासन दिया।

पोल्ट्री फॉर्म की मालिक की बेटी व्दारा ग्रामीणों पर अभद्रता की हदे पार करती दिखाई दे रहा हैं। वही ग्रामीणों को कुत्तों द्वारा भयानक तरीके से कटवा दिया गया है, जो स्पष्ट दिखाई दे रहा है। इस घटना का मुख्य कारण यह है कि पोल्ट्री फार्म में रोज कुत्तों को मांस व अंडे तथा वेस्ट नॉनवेज के सेवन के कारण हमेशा कुत्तों का झुंड रोड पर रहते हैं और राहगीरों को अपना शिकार बनाते रहते हैं। एमएल पोल्ट्री फॉर्म के कुत्तों का काफी ग्रामीण व राहगीर शिकार हुए हैं कुछ राहगीरों के कुत्तों के दौड़ाने से हाथ पैरा टुटे है, जिसकी शिकायत सिलयारी पुलिस चौकी में दिया गया है, मगर अभी तक कोई ठोकर कार्रवाई नहीं किया गया है।

# अभनपुर के दशहरा मैदान में तीन दिवसीय रामलीला 25 से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अभनपुर



मंगलवार को ब्लॉक कॉलोनी अभनपुर दशहरा मैदान में 25 से 27 मई तक तीन दिवसीय रामलीला आयोजन स्थल का विधायक इन्द्रकुमार साहू व नागरिक मंच समिति के सदस्यो एवं नगर के गणमान्य नागरिको द्वारा विधिवत पूजन कर क्षेत्र मे प्रचार प्रसार के लिए प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। नगर सहित पूरे अंचल के लोगों में इस आयोजन को लेकर भारी उत्साह का वातावरण निर्मित है। क्षेत्रीय विधायक व समिति के सदस्य आयोजन की भव्य तैयारी में लगे हुए हैं, अभनपुर में रामलीला का मंचन करने वाली वहीं रामलीला मंडली है, जिन्होने अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के समय मुख्य मंच से रामलीला का मंचन किया था। यह सभी कलाकार भारत सरकार के कला एवं नाट्य संस्थानों से प्रशिक्षित है। यही प्रशिक्षित कलाकारों द्वारा प्रस्तुति दी जायेगी। इस अवसर पर विधायक के साथ समिति के अध्यक्ष मोहन अग्रवाल, उपाध्यक्ष प्रदीप शर्मा, दिलीप अग्रवाल, आरएस चौरसिया, गोपाल गांधी, रूपनारायण साहू, मीना साहू, दिनेश गिरेपुंजे, किशन शर्मा, लालू भाई गढिया, ईश्वर पटेल, ओम अनदानी, हरीश पांडे, वरूण राठी, डिम्पल गुलाटी, राजा राय आदि समिति के सदस्य व नगर के प्रतिष्ठित लोग उपस्थित रहे।

**न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर 5 के न्यायालय मे**
**मामला क्रमांकः 202505115600031**
**मामले की श्रेणी :- राजस्व**
**विषयः- अ-6 सनः- 2024 2025 डंगनिया प.ह.न. 00058 [(हे.)]**
**पक्षकारों का विवरण - आवेदक पक्षकार -प्रियांशु शर्मा, अनावेदक पक्षकार - छ.ग. शासन,**
**// ईश्तहार //**
रा.प्र.क्रमांक/202505115600031/अ-6/2024-2025 रायपुर, दिनांकः 13/05/2025 ग्राम- डंगनिया प.ह.न.- 58, तहसील व जिला रायपुर

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया आवेदक प्रियांशु शर्मा पिता स्व. दीनानाथ शर्मा निवासी- 02. नियर एम.पी.एच.एस. स्कूल वार्ड नं. 66, सुन्दर नगर रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) द्वारा इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत कर आवेदन पत्र में आवेदक की माता स्व. सविता शर्मा पति स्व. श्री दीनानाथ शर्मा के स्वामित्व एवं आधिपत्य में ग्राम डंगनिया प.ह.नं. 58 रा.नि.मं. रायपुर तहसील व जिला रायपुर स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर 302/1 का भाग, प्लॉट नं.- 247 रकबा 6000 वर्गफुट है, जिसके 850 वर्गफुट पर पक्का मकान निर्मित है, शेष खुली भूमि है। भूमि धारित की जाती है। उक्त भूमि के भूमिस्वामी आवेदक की माता स्व. सविता शर्मा पति स्व. श्री दीनानाथ शर्मा की मृत्यु 29/10/2023, को हो चुकी है एवं आवेदक के पिता स्व. दीनानाथ शर्मा की मृत्यु दिनांक 15/07/2006 को हो चुकी है जिसका मृत्यु प्रमाण पत्र की छाया प्रति संलग्न है। जिनके विधिक वारिसान मे एकमात्र आवेदक (पुत्र) प्रियांशु शर्मा पिता स्व. श्री दीनानाथ शर्मा इनके अलावा कोई वारिसान नही है। अतः मृतक भूमिस्वामी का नाम राजस्व अभिलेखों से विलोपित कर विधिक वारिसान की हैसियत से वारिसानो का नाम राजस्व अभिलेखों में दर्ज किये जाने हेतु आवेदक का निवेदन है। उक्त प्रकरण की सुनवाई इस न्यायालय में दिनांक 30/05/2025 को होगी। अतएव जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से मय दस्तावेज अपनी लिखित दावा/आपत्ति दिनांक 30/05/2025 को इस न्यायालय में पेश करें। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 13/05/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया। यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 13/05/2025 को जारी किया जाता है।

मुहर
Praveen parmar
नायब तहसीलदार, तहसील रायपुर

**नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मै गौरव दुबे पिता स्व. श्री व्ही. एन. दुबे, निवासी सत्य प्रेम विहार, आरबीआई के बाजू में महादेवघाट रोड सुंदर नगर रायपुर, पिन 492001 (छ.ग.)।

यह शपथ करता हुँ कि मैनें अपना पुराने नाम गौरव कुमार दुबे को त्याग कर नया नाम गौरव दुबे पिता स्व. श्री व्ही. एन. दुबे रख लिया है।

अत: आज से मुझे समस्त शासकीय अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजो में मेरे नये नाम गौरव दुबे पिता स्व. श्री व्ही. एन. दुबे के नाम से ही जाना पहचाना जाये।

गौरव दुबे
सत्य प्रेम विहार, आरबीआई के बाजू में महादेवघाट रोड, सुंदर नगर रायपुर पिन 492001 (छ.ग.)

**-: आम सूचना :-**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं आम जनता को यह सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार क्रेता मोहम्मद इमरान खान, निवासी चौरसिया कालोनी, रायपुर छ.ग. के द्वारा विक्रेता श्री कृष्ण कुमार चंद्राकर, पिता श्री आर. के. चंद्राकर, निवासी हनुमान मंदिर, बजरंग चौक, बोरियाखुर्द, रायपुर, तहसील व जिला रायपुर छ.ग. वाले के स्वामित्व व आधिपत्य की परिवर्तित भूमि जो कि वाके मौजा- ग्राम- बोरियाखुर्द प.ह.नं. 71, रा. नि. मं. रायपुर 14 बोरियाखुर्द, तह. व जिला रायपुर (छ.ग.) है जिसका खसरा नं. 265/263 का भाग, कुल रकबा 0.0328 हैक्टेयर में से 1767.5 वर्गफूट है, उक्त सम्पत्ति को क्रय करने का पक्का सौदा तय कर दी गई है बयाना राशि का भुगतान किया जा चुका है एवं विक्रय पंजीयन की कार्यवाही किया जाना शेष है।

अतः उपरोक्त सौदे एवं संव्यवहार के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निगम, शासकीय व अशासकीय विभाग या अन्य किसी को कोई उजर, दावा या आपत्ति हो अथवा उक्त सम्पत्ति या उसके किसी भी भाग पर किसी प्रकार का स्वत्व, हक, अधिकार या भार हो तो वे इस आम सूचना प्रकाशन के दिनांक से 7 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति लिखित में सुसंगत दस्तावेजो के साथ मेरे समक्ष प्रस्तुत करें एवं आम सूचना का खंडन किसी भी दैनिक समाचार पत्र में स्वीकार नही किया जायेगा। यह कि उक्त समयवधि के अवसान पश्चात मेरे पक्षकार के द्वारा उक्त वर्णित सम्पत्ति के विक्रय विलेख का निष्पादन व पंजीयन अपने पक्ष में करा लिया जावेगा तत्पश्चात प्रस्तुत की गई किसी भी प्रकार की उजर, दावा एवं आपत्ति आदि असत्य झूठा एवं सारहीन माना जावेगा तथा ऐसा आपत्ति मेरे पक्षकार के ऊपर मान्य एवं बंधनकारी नही होगा। सो सूचना जाने।

स्थान-रायपुर छ.ग. दिनांक 20/05/2025
( गीतेश कुमार बैस ) अधिवक्ता
साहू काम्पलेक्स, टिकरापारा, रायपुर छ.ग.
मो. नं. 98274-62029, 8109663313

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक रायपुर-11 टिकरापारा, तहसील व जिला रायपुर**
**सीमांकन के संबंध में आम सूचना**
दिनांक 19.05.2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका चंद्रप्रभा पिता बुलाकी लाल निवासी पुरेना रायपुर द्वारा आवेदित ग्राम पुरेना प.ह.नं. 67 राजस्व निरीक्षण मंडल रायपुर-05 (भनपुरी) स्थित भूमि खसरा नंबर 247/1 रकबा 0.6880 हे. का सीमांकन न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार, रायपुर के ज्ञापन क्र. .../वाचक/अति तह./वर्ष 2025 रायपुर के आदेश दिनांक 28/03/2025 के परिपालन मे दिनांक 23/05/2025 को समय 3 बजे पश्चात मेरे द्वारा किया जाना नियत है ।

अतः उक्त भूमि के सीमांकन मे जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/ आपत्ति हो वह उक्त दिनांक/ समय तक पटवारी हल्का नम्बर के पुरेना स्थित कार्यालय में दस्तावेजों सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद के किसी दावा या आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नहीं होगा।

अतः सूचना जाने।

राजस्व निरीक्षक
रायपुर -11 (टिकरापारा)

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक रायपुर- धरसींवा व जिला रायपुर**
**सीमांकन के संबंध में आम सूचना**
**दिनांक 17/05/2025**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका श्री नंदकुमार साहू पिता रूपचंद साहू निवासी ग्राम कूंरा द्वारा आवेदित ग्राम कूंरा द्वारा प.ह.नं. 03 राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर-15 (धरसींवा) स्थित भूमि खसरा नंबर 1172/3, 1173 रकबा 0.0490, 0.1540 हेक्टेयर का सीमांकन न्यायालय तहसीलदार धरसींवा जिला रायपुर के रा.प्र.क्र. Q 2025/अ-12/वर्ष 2024-25 रायपुर के आदेश दिनांक 02/05/2025 के परिपालन में दिनांक 26/05/2025 को समय 10:00 बजे पश्चात किया जाना है।

अतः उक्त भूमि के सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो वह उक्त दिनांक/समय तक पटवारी हल्का नंबर 03 के कूंरा स्थित कार्यालय में दस्तावेजों सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद के किसी दावा या आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नहीं होगा।

अतः सूचना जानें।

**राजस्व निरीक्षक**
**रायपुर-धरसींवा**

## खबर संक्षेप

### अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष छाबड़ा कल करेंगे पदभार ग्रहण



**रायपुर।** प्रदेश के अल्पसंख्यक आयोग के नवनियुक्त अध्यक्ष अमरजीत छाबड़ा का पदभार ग्रहण समारोह 22 मई को अटलबिहारी वाजपेयी सभागार (मेडिकल कॉलेज परिसर) में होगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह करेंगे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, प्रदेश के उपमुख्यमंत्री अरुण साव व विजय शर्मा, कैबिनेट मंत्री केदार कश्यप, ओपी चौधरी, श्यामबिहारी जायसवाल, सांसद बृजमोहन अग्रवाल व रूपकुमारी चौधरी, विधायक धरमलाल कौशिक, राजेश मूणत, सुनील सोनी, पुरंदर मिश्रा, मोतीलाल साहू, अनुज शर्मा, सम्पत अग्रवाल, सुशांत शुक्ला, गुरु खुशवंत साहेब, योगेश्वर राजू सिन्हा, महापौर मीनल चौबे, सभापति सूर्यकांत राठौर, रायपुर शहर जिला अध्यक्ष रमेश ठाकुर, सहित काफी संख्या में भाजपा नेता, पदाधिकारी और कार्यकर्ता तथा विभागीय अधिकारी उपस्थित रहेंगे। समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अल्पसंख्यकों के सर्वतोमुखी विकास व कल्याण की दृष्टि से घोषित 15 सूत्रीय नवीन कार्यक्रमों पर चर्चा होगी।

### तंबोली बने कैबिनेट सचिवालय में संयुक्त सचिव



**रायपुर।** भारत सरकार ने कैबिनेट सचिवालय में एक महत्वपूर्ण प्रशासनिक नियुक्ति करते हुए छत्तीसगढ़ कैडर के आईएएस अधिकारी अय्याज फकीरभाई तंबोली को संयुक्त सचिव नियुक्त किया है। वर्तमान में वह कैबिनेट सचिवालय में निदेशक के पद पर कार्यरत हैं। कैबिनेट की नियुक्ति समिति ने इस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। नई जिम्मेदारी पांच वर्षों के कार्यकाल के लिए सौंपी गई है, जो 20 मार्च 2029 तक या अगले आदेश तक प्रभावी रहेगी।

### सीएम के दामाद की खातिरदारी नहीं करने पर एफआईआर, तानाशाही



**रायपुर।** मुख्यमंत्री के बेटी दामाद की खातिरदारी के लिये राशि नहीं देने पर बस्तर की ग्राम पंचायत चित्रकोट के सरपंच और 12 अन्य ग्रामीणों के खिलाफ एफआईआर दर्ज किये जाने की प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कड़ी निंदा की है। यह बेहद चिंता का विषय है कि अधिकारी सत्तारूढ़ दल के नेताओं और शासकीय अधिकारियों की खातिरदारी करने के लिये ग्रामीणों पर दबाव बनाते हैं। नहीं मानने पर उनके खिलाफ झूठी एफआईआर दर्ज करवाते हैं। उन्होंने कहा, 15 मई को मुख्यमंत्री के बेटी दामाद (राज्य अतिथि) के प्रवास के दौरान लोहंडीगुड़ा के एसडीएम ने चित्रकोट के सरपंच को फोन कर चित्रकोट के सामने बने पार्किंग नाका के पैसे से मुख्यमंत्री के बेटी दामाद के लिए मुर्गा, मटन एवं अन्य चीजों की व्यवस्था करने के लिए कहा।

# प्रदेश के 46 में से 34 बांध पिछले साल से ज्यादा खाली, खतरे का संकेत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के बांधों से लगातार पानी छोड़ने के कारण बांधों का जलस्तर लगातार कम होता जा रहा है। प्रदेश के 46 में से 34 बांध आज की स्थिति में पिछले साल से ज्यादा खाली हैं। 20 बांध ऐसे हैं, जहां जलस्तर 25 प्रतिशत से नीचे चला गया है।

भूजल का 50 प्रतिशत से ज़्यादा दोहन हो रहा है। हालात इतने गंभीर हैं कि कई इलाकों में 300-400 फीट नीचे भी पानी नहीं है। केंद्र की रिपोर्ट चेतावनी दे रही है कि छत्तीसगढ़ के 5 ब्लॉक 'क्रिटिकल' स्थिति में हैं। इसमें बेमेतरा, नवागढ़, बेरला, गुरूर और धरसींवा के हालात सबसे भयावह हैं। वहीं 21 ब्लॉक 'सेमी-क्रिटिकल' जोन में पहुंच गए हैं। लगातार पानी का लेवल कम होता जा रहा है। छत्तीसगढ़ के बांध सूख रहे हैं। खतरे के संकेत मिल रहे हैं।

प्रदेश के वैज्ञानिकों ने विभागीय अधिकारियों को सलाह दी है कि विशेषज्ञों की मदद से वायुमंडल के कार्बन को कम कराएं, बांध, नहर और नदी और जलस्त्रोत के नेटवर्क को योजना करके सुधारा जाए, तब ही इस समस्या का समाधान निकलेगा,अन्यथा आने वाले सालों में इससे अधिक समस्या हो सकती है। बताया जाता है कि जल के सदुपयोग और वाटर रीचार्जिंग के जो उपाय किए जाने चाहिए, उसकी मानिटरिंग की व्यवस्था भी महत्वपूर्ण है।

## भूजल स्तर में आई भारी गिरावट, 400 फीट के नीचे भी पानी नहीं मिल रहा



### फसल के लिए नहीं मिल रहा पानी

छत्तीसगढ़ में अप्रैल के शुरू में ही किसानों को फसल के लिए पानी नहीं मिल रहा। कई इलाकों में निस्तारी की समस्या आ रही है। राजधानी रायपुर के कई वार्ड भी जलसंकट से जूझ रहे हैं। पानी की कमी से इलाकों में भयावह स्थिति होती जा रही है। जानकारों के अनुसार वायुमंडल में कार्बन के कण ज्यादा हैं। तेजी से वाष्पीकरण के कारण बांध का पानी गर्मी की शुरुआत में ही सूख रहा है। इसके साथ ही ग्राउंड वाटर का लेवल भी गिरा है। आने वाले दिनों में समय में बारिश नहीं हुई, तो प्रदेश में जलसंकट आ जाएगा।

### पानी कम होने के ये हैं कारण

विभाग के अधिकारी बताते हैं कि प्रदेश में बारिश की कमी, पानी का तेजी से वाष्पीकरण डैम और जमीन का पानी कम होने का प्रमुख कारण है। इसके अलावा डैम के क्षतिग्रस्त होने से पानी कम हो रहा है। प्रदेश के बड़े बांध में शामिल मिनीमाता बांगो में आज की स्थिति में 26.35 प्रतिशत जलभराव था, जबकि पिछले साल इसी दिन जलभराव 44.86 प्रतिशत था। तांदुला में जलभराव 14.91 प्रतिशत, सिकासेर में 18.13, बिलासपुर के खारंग बांध में जलभराव 34.14 प्रतिशत बचा है।

### 20 बांध में महज 25 प्रतिशत पानी बचा

जल संसाधन विभाग के द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार प्रदेश के 20 बांध में 25 प्रतिशत पानी शेष बचा हुआ है। इसमें खरखरा, बल्लार, मोगरा बार, कोसारटेड, परालकोट, केशवा जलाशय, केदार नाला, किनकिरी नाला, सूखा नाला, कुम्हारी, पेंड्रावन, पुटका नाला, सूखा नाला और घुमरिया नाला बैराज शामिल है।

## संस्था का सौ फीसदी प्लेसमेंट का रिकार्ड, नए सत्र के लिए प्रवेश प्रारंभ

# राज्य सरकार की पहल से उभर रहा नया रायपुर हॉस्पिटैलिटी एजूकेशन का हब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर




मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि राज्य होटल प्रबंधन संस्थान (आईएचएम) छत्तीसगढ़ सरकार की दूरदर्शी नीतियों का प्रत्यक्ष परिणाम है, जो न केवल गुणवत्तापूर्ण हॉस्पिटैलिटी शिक्षा प्रदान कर रहा है, बल्कि राज्य के युवाओं को रोजगार और आत्मनिर्भरता की दिशा में सशक्त बना रहा है। उन्होंने संस्थान की उत्कृष्ट उपलब्धियों और 100 प्रतिशत प्लेसमेंट रिकॉर्ड पर प्रसन्नता व्यक्त की है।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि आईएचएम नवा रायपुर के सौ फीसदी प्लेसमेंट के रिकार्ड ने यह सिद्ध किया है कि छत्तीसगढ़ के युवाओं में क्षमता, हुनर और आत्मविश्वास की कोई कमी नहीं है। यह राज्य सरकार की प्राथमिकता रही है कि हम अपने युवाओं को न केवल शिक्षित करें, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर भी बनाएं और आईएचएम इस लक्ष्य को पूरी निष्ठा से पूरा कर रहा है। संस्कृति व पर्यटन विभाग के सचिव अन्बलगन पी. के निर्देशन में यह संस्थान निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। राज्य होटल प्रबंधन संस्थान रायपुर में आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर, अनुभवी फैकल्टी एवं इंडस्ट्री-कनेक्ट की बदौलत छात्रों को एक संपूर्ण पेशेवर के रूप में तैयार किया जाता है। संस्थान में चार प्रमुख पाठ्यक्रम तीन वर्षीय बीएससी इन हॉस्पिटैलिटी एंड होटल एडमिनिस्ट्रेशन (जेएनयू, नई दिल्ली से संबद्ध) और तीन डिप्लोमा कोर्स फूड प्रोडक्शन, हाउसकीपिंग ऑपरेशन, और फूड एंड बेवरेज सर्विस संचालित किए जा रहे हैं। डिप्लोमा कोर्स की खास बात यह है कि महज एक वर्ष की पढ़ाई के बाद ही छात्र देश के प्रतिष्ठित फाइव स्टार होटलों में कार्य करने लगते हैं। संस्थान से बीएससी की तीन बैच अब तक उत्तीर्ण हो चुकी हैं और सभी को देश की प्रतिष्ठित कंपनियों में रोजगार मिला है। 44 विद्यार्थियों को आईटीसी होटल्स, ताज होटल्स, मेफेयर होटल्स एंड रिसॉर्ट्स, ल मेरिडियन, रिलायंस रिटेल, जुबिलेंट फूड वर्क्स जैसे नामी ब्रांड्स से ऑफर मिले हैं। राज्य होटल प्रबंधन संस्थान रायपुर के छात्र राष्ट्रीय स्तर की प्रतिस्पर्धाओं में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए डिग्री एवं डिप्लोमा कोर्सों में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। इच्छुक छात्र राज्य होटल प्रबंधन संस्थान नया रायपुर, से जुड़कर अपने करियर को नई उड़ान दे सकते हैं।

# छत्तीसगढ़ के नए डीजीपी के लिए चार नामों का पैनल पीएससी को, अब मंजूरी का

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के नए पूर्णकालिक डीजीपी के पद पर पदस्थापना से पहले अब सरकार को संघ लोक सेवा आयोग (पीएससी) की मंजूरी का इंतजार है। इससे पहले चार अधिकारियों के नामों का पैनल पीएससी को भेजा जा चुका है। उच्च पदस्थ जानकार सूत्रों की मानें, तो पैनल में शामिल चार में से तीन नामों की अनुशंसा डीजी पद के लिए की जाएगी। इनमें से किसी एक को राज्य का पुलिस प्रमुख यानी डीजीपी बनाया जाएगा। यह काम राज्य सरकार के हिस्से का होगा।

## राज्य को मिलेगा पूर्णकालिक डीजीपी




### सेलेक्शन कमेटी की बैठक

*छत्तीसगढ़ में पूर्णकालिक डीजीपी के लिए यूपीएससी में सेलेक्शन कमेटी की बैठक पिछले दिनों हुई। मुख्य सचिव अमिताभ जैन भी शामिल हुए। डीजीपी के लिए चार आईपीएस अधिकारियों का नाम यूपीएससी को भेजा गया है, इनमें प्रभारी डीजीपी अरुणदेव गौतम, पवनदेव, जीपी सिंह और हिमांशु गुप्ता का नाम शामिल है। इनमें से ही कोई पूर्णकालिक डीजीपी बनेगा। बताया गया है कि पीएससी चार में से तीन अधिकारियों के नामों की स्वीकृति डीजी पद के लिए देगा। इनमें से एक अधिकारी को पूर्णकालिक डीजीपी बनाया जाएगा। यह काम राज्य सरकार के हिस्से का होगा। डीजीपी चयन का मामला पिछले छह महीने से यूपीएससी में लटका हुआ था। इससे पहले एक बार डीपीसी हुई भी, मगर जीपी सिंह की इंट्री के बाद फिर से कई तरह की जानकारियां यूपीएससी ने राज्य सरकार से मांगी। राज्य सरकार ने सरकार ने दिसंबर 2024 में डीजीपी सेलेक्शन के लिए प्रस्ताव भेज दिया था, मगर अब यूपीएससी जल्द अब पेनल बनाकर भारत सरकार को भेज देगा। उल्लेखनीय है कि इसके पूर्व राज्य सरकार ने तीन नामों को पैनल भेजा था, जीपी सिंह के बहाल होने के बाद उनका नाम लिस्ट में वरिष्ठता के आधार पर तीसरे नंबर में जोड़ा गया है।*

# विधिक माप विज्ञान उपभोक्ता संरक्षण औद्योगिक प्रगति, व्यापार की रीढ़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



छत्तीसगढ़ नियंत्रक विधिक मापविज्ञान विभाग के नियंत्रक देवेन्द्र भारद्वाज ने कहा कि विधिक माप विज्ञान उपभोक्ता संरक्षण, औद्योगिक प्रगति एवं पारदर्शी व्यापार की रीढ़ है। चाहे वह पेट्रोल पंप पर एक लीटर ईंधन का मापन हो या एक पैकेज वस्तु का सही भार हो, यह कार्य प्रत्येक नागरिक के दैनिक जीवन को प्रभावित करता है। यह बात उन्होंने विश्व विधिक माप विज्ञान दिवस पर रायपुर के नवीन विश्राम भवन में आयोजित समारोह में कही। उन्होंने कहा कि विधिक माप विज्ञान विभाग के नियंत्रक इस वर्ष की थीम है हर समय, सभी के लिए सटीक माप जो हमें यह स्मरण कराती है कि माप विज्ञान हमारे जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में गुणवत्ता, सुरक्षा, न्याय और सतत विकास सुनिश्चित करने में कितना महत्वपूर्ण है।

### माप विज्ञान अब हुआ डिजिटल और पारदर्शी

नियंत्रक श्री भारद्वाज ने कहा कि छत्तीसगढ़ का विधिक मापविज्ञान विभाग निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर है। हमने डिजिटल सत्यापन प्रणाली, मोबाइल वैन, ई-गवर्नेंस प्लेटफॉर्म और उद्योग सहभागिता के माध्यम से अपनी सेवाओं को अधिक पारदर्शी एवं प्रभावी बनाया है। हम अपने प्रयोगशालाओं के आधुनिकीकरण, सूक्ष्म व लघु उद्योगों में मापमानों की जागरूकता तथा इज आफ डूइंग बिजनेस एवं बिजनेस रिफार्म जैसी राष्ट्रीय पहल के अनुरूप कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि विभागीय मंत्री दयालदास बघेल, केंद्रीय विधिक मापविज्ञान विभाग तथा सभी हितधारकों के प्रति आभार प्रकट करता हूँ, जिनके सहयोग से हम आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज विश्व विधिक मापविज्ञान दिवस के अवसर पर हम यह संकल्प लें कि हम न केवल उपकरणों से, बल्कि उद्देश्य और दूरदृष्टि के साथ भी मापेंगे ताकि हमारा कल और अधिक सशक्त व टिकाऊ हो। उन्होंने इस मौके पर विभाग में उत्कृष्ट कार्य करने वाले निरीक्षकों एवं प्रवर्तन दलों को सम्मानित किया। कार्यक्रम में शामिल छत्तीसगढ़ पेट्रोलियम डीलर वेलफेयर एसोशिएसन के प्रतिनिधियों ने राज्य सरकार द्वारा फूड लाइसेंस विलोपित करने के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और मंत्री दयालदास बघेल के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

कार्यक्रम में उपनियंत्रक बीआर सिदार सहित विभागीय अधिकारी-कर्मचारी तथा छत्तीसगढ़ पेट्रोलियम डीलर वेलफेयर एसोशिएसन के अध्यक्ष विरेन्द्र पाण्डेय, माप तौल विक्रेता संघ के राजेश साहू, विक्रेता निर्माण संघ के गोपाल वर्मा सहित बड़ी संख्या में प्रदेश के विभिन्न व्यवसाय सें जुड़े गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## शिक्षा विभाग ने भ्रांतियों को किया दूर

# शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण का आधार शिक्षा का अधिकार अधिनियम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में प्राथमिक शिक्षा व्यवस्था को अधिक प्रभावी और समावेशी बनाने के लिए किए जा रहे युक्तियुक्तकरण को लेकर विभिन्न शैक्षिक संगठनों द्वारा उठाए गए सवालों के संबंध में शिक्षा विभाग ने स्पष्ट किया है कि यह प्रक्रिया बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने, शिक्षकों के संतुलित वितरण और शिक्षा के अधिकार अधिनियम 2009 के अनुपालन के उद्देश्य से की जा रही है।

शिक्षा विभाग का मानना है कि 2008 के सेटअप की प्रासंगिकता नहीं रही, अब शिक्षा का अधिकार अधिनियम ही युक्तियुक्तकरण का आधार है। 2008 के स्कूल सेटअप में प्रधान पाठक और दो सहायक शिक्षकों की व्यवस्था थी, जो उस समय की आवश्यकताओं के अनुरूप थी, लेकिन 1 अप्रैल 2010 से पूरे देश में लागू हुए शिक्षा का अधिकार अधिनियम के बाद नए मानक लागू हुए। अधिनियम के तहत 60 छात्रों तक के लिए 2 शिक्षकों का प्रावधान है और 150 से अधिक छात्रों पर ही प्रधान पाठक की नियुक्ति की जाती है। चूंकि छत्तीसगढ़ में पहले से ही कई स्कूलों में प्रधान पाठक का पद स्वीकृत था, इसलिए उन्हें सहायक शिक्षक की गिनती में जोड़ा गया है।




### छात्रों क अनुपात में पर्याप्त शिक्षक

शिक्षा विभाग के अनुसार दो शिक्षकों से पांच कक्षाओं को पढ़ाने के सवाल के जवाब में कहा गया है कि बहुकक्षा शिक्षण ही इसका बेहतर समाधान है। विभाग ने यह भी स्पष्ट किया है कि औसतन प्राथमिक स्कूलों में दो ही कक्ष निर्मित होते हैं और शिक्षा का अधिकार अधिनियम में भी 60 छात्रों तक के लिए दो शिक्षकों की व्यवस्था का प्रावधान है। ऐसे में शिक्षकों को बहुकक्षा शिक्षण का प्रशिक्षण दिया गया है ताकि वे विभिन्न कक्षाओं को एक साथ गुणवत्तापूर्वक पढ़ा सकें। आंकड़ों के अनुसार राज्य के 30,700 प्राथमिक विद्यालयों में से लगभग 17,000 में छात्र-शिक्षक अनुपात 20 से भी कम है, जिससे यह स्पष्ट है कि छात्रों के अनुपात में शिक्षक पर्याप्त संख्या में हैं।

### प्रधान पाठक भी शिक्षकीय पद

शिक्षा विभाग ने यह भी स्पष्ट किया है कि 60 से कम दर्ज संख्या वाली शालाओं को लेकर फैलाई जा रही भ्रांति निराधार हैं। कुछ संगठनों ने यह आशंका व्यक्त की थी कि 60 से कम दर्ज संख्या वाली 20,000 से अधिक शालाएं व्यवहारिक रूप से एकल-शिक्षकीय हो जाएंगी। विभाग ने स्पष्ट किया कि इन स्कूलों में दो शिक्षकों की व्यवस्था की गई है, जिसमें प्रधान पाठक भी एक शिक्षकीय पद है। अतः यह कहना गलत है कि ये शालाएं एक शिक्षक के भरोसे चलेंगी।

### कम नहीं होगी शिक्षकों की संख्या

शिक्षा विभाग ने यह दोहराया है कि युक्तियुक्तकरण का उद्देश्य शिक्षकों की संख्या को कम करना नहीं, बल्कि उनकी तैनाती को तर्कसंगत बनाकर सभी विद्यार्थियों को समान अवसर और संसाधन उपलब्ध कराना है। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया गया है कि कहीं भी छात्र-शिक्षक अनुपात अधिनियम से नीचे न जाए। शिक्षा विभाग का यह मानना है कि युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया न केवल विधिक मानकों पर आधारित है, बल्कि इसका उद्देश्य राज्य में प्राथमिक शिक्षा को और अधिक प्रभावी, समान और गुणवत्तापूर्ण बनाना है।

## कई लंबित प्रकरणों के शीघ्र समाधान की मांग की

# बृजमोहन ने केंद्रीय मंत्रियों से की सड़क और हवाई कनेक्टिविटी से जुड़ी कई अहम मांगें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने नई दिल्ली में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी और केंद्रीय नागर विमानन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू से मुलाकात की। केंद्रीय मंत्रियों के सामने सड़क और हवाई कनेक्टिविटी से जुड़ी कई अहम मांगें रखीं। श्री अग्रवाल ने रायपुर समेत छत्तीसगढ़ में सड़क निर्माण से जुड़े कई लंबित प्रकरणों के शीघ्र समाधान की मांग करते हुए राज्य के प्रमुख मार्गों और जंक्शनों पर अधोसंरचना के विस्तार का प्रस्ताव रखा। उन्होंने, रायपुर रिंग रोड-1 टाटीबंध से तेलीबांधा तक (एन.एच. 53) के सर्विस रोड को 5 मीटर से बढ़ाकर 11 मीटर करने, राष्ट्रीय राजमार्ग-30 (शदाणी दरबार) एवं एक्सप्रेस हाईवे जंक्शन पर ग्रेड सेपरेटर निर्माण, राष्ट्रीय राजमार्ग-30 (कमल विहार) के जंक्शन पर ग्रेड सेपरेटर निर्माण, भारतमाला प्रोजेक्ट के अंतर्गत रायपुर-विशाखापत्तनम एक्सप्रेसवे पर अभनपुर-राजिम-गरियाबंद हाईवे क्रॉसिंग पर इंटरचेंज सुविधा, रायपुर-दुर्ग एनएच 53 मुख्य मार्ग एवं सर्विस रोड का नवीनीकरण, रायपुर रेलवे स्टेशन से एनएच-30 जंक्शन तक निर्मित एक्सप्रेस हाईवे को एनएचएआई को हस्तांतरण, नागपुर-गोंदिया-बिरसी एयरपोर्ट (रावणबाड़ी) हेतु प्रस्तावित समृद्धि एक्सप्रेसवे का रायपुर तक विस्तार, रायपुर-विशाखापत्तनम 4/6 लेन राष्ट्रीय राजमार्ग हेतु भू-अर्जन मुआवजा प्रकरण का शीघ्र समाधान, और राष्ट्रीय राजमार्ग-200 (सिमगा-लिमतरा-सरगांव-बिलासपुर) के लिमतरा बाईपास मार्ग में सर्विस रोड निर्माण की भी मांग की है।



### एयरपोर्ट में अवैध वसूली की शिकायत

श्री अग्रवाल ने केंद्रीय नागर विमानन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू से मुलाकात कर रायपुर के स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विकसित करने हेतु कस्टम, इमिग्रेशन ऑफिस, कार्गो हब और नाइट पार्किंग सुविधा शुरू करने की मांग की। उन्होंने रायपुर एयरपोर्ट पर यात्री सुविधाओं के विस्तार और यात्रियों से पार्किंग के नाम पर की जा रही अवैध वसूली की भी जानकारी दी। इसके साथ ही उन्होंने जगदलपुर और बिलासपुर एयरपोर्ट में यात्री सुविधाओं का विस्तार करने, नाइट लैंडिंग की सुविधा देने और एयर कनेक्टिविटी बढ़ाने की आवश्यकता को भी रेखांकित किया।

**न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर 5 के न्यायालय मे**
**मामला क्रमांकः 202505115600031**
**मामले की श्रेणी :- राजस्व**
**विषयः- अ-6 सनः- 2024 2025 डंगनिया प.ह.न. 00058 [(हे.)]**
**पक्षकारों का विवरण - आवेदक पक्षकार -प्रियांशु शर्मा, अनावेदक पक्षकार - छ.ग. शासन,**
**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क्रमांक/202505115600031/अ-6/2024-2025 रायपुर, दिनांकः 13/05/2025 ग्राम- डंगनिया प.ह.न.- 58, तहसील व जिला रायपुर

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया आवेदक प्रियांशु शर्मा पिता स्व. दीनानाथ शर्मा निवासी- 02. नियर एम.पी.एच.एस. स्कूल वार्ड नं. 66, सुन्दर नगर रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) द्वारा इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत कर आवेदन पत्र में आवेदक की माता स्व. सविता शर्मा पति स्व. श्री दीनानाथ शर्मा के स्वामित्व एवं आधिपत्य में ग्राम डंगनिया प.ह.नं. 58 रा.नि.मं. रायपुर तहसील व जिला रायपुर स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर 302/1 का भाग, प्लॉट नं.- 247 रकबा 6000 वर्गफुट है, जिसके 850 वर्गफुट पर पक्का मकान निर्मित है, शेष खुली भूमि है। भूमि धारित की जाती है। उक्त भूमि के भूमिस्वामी आवेदक की माता स्व. सविता शर्मा पति स्व. श्री दीनानाथ शर्मा की मृत्यु 29/10/2023, को हो चुकी है एवं आवेदक के पिता स्व. दीनानाथ शर्मा की मृत्यु दिनांक 15/07/2006 को हो चुकी है जिसका मृत्यु प्रमाण पत्र की छाया प्रति संलग्न है। जिनके विधिक वारिसान मे एकमात्र आवेदक (पुत्र) प्रियांशु शर्मा पिता स्व. श्री दीनानाथ शर्मा इनके अलावा कोई वारिसान नही है। अतः मृतक भूमिस्वामी का नाम राजस्व अभिलेखों से विलोपित कर विधिक वारिसान की हैसियत से वारिसानो का नाम राजस्व अभिलेखों में दर्ज किये जाने हेतु आवेदक का निवेदन है। उक्त प्रकरण की सुनवाई इस न्यायालय में दिनांक 30/05/2025 को होगी। अतएव जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से मय दस्तावेज अपनी लिखित दावा/आपत्ति दिनांक 30/05/2025 को इस न्यायालय में पेश करें। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 13/05/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया। यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 13/05/2025 को जारी किया जाता है।

मुहर
Praveen parmar
नायब तहसीलदार, तहसील रायपुर

**नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मै गौरव दुबे पिता स्व. श्री व्ही. एन. दुबे, निवासी सत्य प्रेम विहार, आरबीआई के बाजू में महादेवघाट रोड सुंदर नगर रायपुर, पिन 492001 (छ.ग.)।

यह शपथ करता हुँ कि मैनें अपना पुराने नाम गौरव कुमार दुबे को त्याग कर नया नाम गौरव दुबे पिता स्व. श्री व्ही. एन. दुबे रख लिया है।

अत: आज से मुझे समस्त शासकीय अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजो में मेरे नये नाम गौरव दुबे पिता स्व. श्री व्ही. एन. दुबे के नाम से ही जाना पहचाना जाये।

**गौरव दुबे**
सत्य प्रेम विहार, आरबीआई के बाजू में महादेवघाट रोड, सुंदर नगर रायपुर पिन 492001 (छ.ग.)

**-: आम सूचना :-**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं आम जनता को यह सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार क्रेता मोहम्मद इमरान खान, निवासी चौरसिया कालोनी, रायपुर छ.ग. के द्वारा विक्रेता श्री कृष्ण कुमार चंद्राकर, पिता श्री आर. के. चंद्राकर, निवासी हनुमान मंदिर, बजरंग चौक, बोरियाखुर्द, रायपुर, तहसील व जिला रायपुर छ.ग. वाले के स्वामित्व व आधिपत्य की परिवर्तित भूमि जो कि वाके मौजा- ग्राम- बोरियाखुर्द प.ह.नं. 71, रा. नि. मं. रायपुर 14 बोरियाखुर्द, तह. व जिला रायपुर (छ.ग.) है जिसका खसरा नं. 265/263 का भाग, कुल रकबा 0.0328 हैक्टेयर में से 1767.5 वर्गफूट है, उक्त सम्पत्ति को क्रय करने का पक्का सौदा तय कर दी गई है बयाना राशि का भुगतान किया जा चुका है एवं विक्रय पंजीयन की कार्यवाही किया जाना शेष है।

अतः उपरोक्त सौदे एवं संव्यवहार के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निगम, शासकीय व अशासकीय विभाग या अन्य किसी को कोई उजर, दावा या आपत्ति हो अथवा उक्त सम्पत्ति या उसके किसी भी भाग पर किसी प्रकार का स्वत्व, हक, अधिकार या भार हो तो वे इस आम सूचना प्रकाशन के दिनांक से 7 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति लिखित में सुसंगत दस्तावेजो के साथ मेरे समक्ष प्रस्तुत करें एवं आम सूचना का खंडन किसी भी दैनिक समाचार पत्र में स्वीकार नही किया जायेगा। यह कि उक्त समयवधि के अवसान पश्चात मेरे पक्षकार के द्वारा उक्त वर्णित सम्पत्ति के विक्रय विलेख का निष्पादन व पंजीयन अपने पक्ष में करा लिया जावेगा तत्पश्चात प्रस्तुत की गई किसी भी प्रकार की उजर, दावा एवं आपत्ति आदि असत्य झूठा एवं सारहीन माना जावेगा तथा ऐसा आपत्ति मेरे पक्षकार के ऊपर मान्य एवं बंधनकारी नही होगा। सो सूचना जाने।

स्थान-रायपुर छ.ग. दिनांक 20/05/2025
**( गीतेश कुमार बैस ) अधिवक्ता**
**साहू काम्पलेक्स, टिकरापारा, रायपुर छ.ग.**
**मो. नं. 98274-62029, 8109663313**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक रायपुर-11 टिकरापारा, तहसील व जिला रायपुर**
**सीमांकन के संबंध में आम सूचना**

दिनांक 19.05.2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका चंद्रप्रभा पिता बुलाकी लाल निवासी पुरेना रायपुर द्वारा आवेदित ग्राम पुरेना प.ह.नं. 67 राजस्व निरीक्षण मंडल रायपुर-05 (भनपुरी) स्थित भूमि खसरा नंबर 247/1 रकबा 0.6880 हे. का सीमांकन न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार, रायपुर के ज्ञापन क्र. .../वाचक/अति तह./वर्ष 2025 रायपुर के आदेश दिनांक 28/03/2025 के परिपालन मे दिनांक 23/05/2025 को समय 3 बजे पश्चात मेरे द्वारा किया जाना नियत है ।

अतः उक्त भूमि के सीमांकन मे जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/ आपत्ति हो वह उक्त दिनांक/ समय तक पटवारी हल्का नम्बर के पुरेना स्थित कार्यालय में दस्तावेजों सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद के किसी दावा या आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नहीं होगा।

अतः सूचना जाने।

**राजस्व निरीक्षक**
**रायपुर -11 (टिकरापारा)**

## खबर संक्षेप



### भोजपुरी समाज ने राहगीरों को बांटी ठंडी लस्सी

**रायपुर।** भीषण गर्मी से राहत दिलाने के उद्देश्य से अखिल भारतीय भोजपुरी समाज बिरगांव द्वारा राहगीरों के बीच ठंडी लस्सी और शर्बत का वितरण किया गया। भोजपुरी समाज के प्रदेश अध्यक्ष मुक्तिनाथ पांडे ने बताया कि यह सेवाकार्य पिछले कई वर्षों से निरंतर रूप से बिरगांव, भनपुरी और उरला क्षेत्र में चलाया जा रहा है। इस वर्ष भी बंजारी धाम मंदिर के पास स्टॉल लगाकर भोजपुरी समाज के पदाधिकारियों और सदस्यों ने अपनी सामाजिक जिम्मेदारी निभाई। राहगीरों को ठंडा पेय पदार्थ उपलब्ध कराकर उन्होंने जनसेवा की मिसाल पेश की। इस अवसर पर प्रदेश प्रभारी रविंद्र सिंह, सरोज सिंह, पप्पू मिश्रा, प्रदेश उपाध्यक्ष अजय सिंह, सतीश सिंह, बी.बी. ओझा, हरेंद्र मिश्रा, दिवाकर शुक्ला, रंजय सिंह और कोषाध्यक्ष सुधीर राय मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### शारदा चौक से आज निकलेगी भव्य तिरंगा यात्रा

**रायपुर।** सर्वसमाज रायपुर द्वारा भारत की आतंकवाद पर प्रचंड प्रहार के बाद कूटनीतिक व रणनीतिक विजय पर भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम 21 मई को शाम 4 बजे प्रारंभ होगा। यह यात्रा संध्या 4 बजे शारदा चौक श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर शारदा चौक से प्रारंभ होकर राजधानी रायपुर के विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण करेगी। इस यात्रा में राष्ट्र के प्रति समर्पित सभी समाज के प्रमुख एवं सदस्य, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवार के सदस्य, वरिष्ठ एवं नागरिक, प्रबुद्धजन, समाज प्रमुख, समाजसेवी संस्था के प्रमुख, चिकित्सक, इंजीनियर, व्यापारी संगठन के प्रमुख विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

### वाष्पयंत्र निरीक्षक के संशोधित मॉडल आंसर तैयार

**रायपुर।** लोक सेवा आयोग द्वारा वाष्पयंत्र निरीक्षक के संशोधित मॉडल आंसर तैयार कर लिए गए हैं। पीएससी द्वारा यह परीक्षा 4 मई को आयोजित की गई थी। इसके बाद 7 मई को मॉडल आंसर जारी कर 16 मई तक दावा-आपत्ति मांगे गए थे। पीएससी द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, प्राप्त दावा-आपत्तियों के आधार पर संशोधित मॉडल आंसर तैयार कर लिए गए हैं।

# दक्षिण अफ्रीका की छात्रा की आंबेडकर अस्पताल में सर्जरी, गाल ब्लैडर के स्टोन से थी पीड़ित

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर**

- पेट दर्द के साथ उल्टी और भूख नहीं लगने की समस्या से थी पीड़ित

गाल ब्लैडर के स्टोन की वजह पेट की असहनीय पीड़ा से जूझ रही दक्षिण अफ्रीका की छात्रा का आंबेडकर अस्पताल में सफलता पूर्वक ऑपरेशन किया गया है। इस सर्जरी के लिए दूर देश में बैठे माता-पिता से सहमति मांगी गई, तो उन्होंने सरकारी अस्पताल पर भरोसा जताया। छात्रा को काफी समय से उल्टी और भूख नहीं लगने की परेशानी हो रही थी।

चिकित्सकों के अनुसार जनरल सर्जरी विभाग में यह प्रक्रिया रूटीन में होती है, लेकिन विगत दिनों की गई लेप्रोस्कोपिक कोलेसिस्टेक्टॉमी इसलिए विशेष है कि छात्रा ने सर्जरी के लिए अपने देश वापस जाने के बजाए आंबेडकर अस्पताल के डॉक्टरों पर भरोसा करते हुए यहीं सर्जरी कराने का निश्चय किया। विभागाध्यक्ष डॉ. मंजू सिंह ने बताया कि निजी विश्वविद्यालय में बीएससी साइकोलॉजी की 21 वर्षीय छात्रा को कुछ दिन पहले पेट में तीव्र दर्द की शिकायत हुई। साथ में उल्टी और भूख नहीं लग रही थी। छात्रा निजी अस्पताल में गई, जहां उसकी जांच में पित्ताशय की पथरी होने की पुष्टि हुई। अटेंडर ने उसे लेकर पूर्व की जानकारी के आधार पर छात्रा के ऑपरेशन के लिये आंबेडकर अस्पताल का चयन किया।

## दूर देश में बैठे परिजनों ने सरकारी अस्पताल के डाक्टरों पर जताया भरोसा

### डॉक्टरों की निगरानी में रखने के बाद अस्पताल से दे दी गई छुट्टी

इसके बारे में जब छात्रा के परिजनों को बताया गया, तो उन्होंने भी सरकारी अस्पताल में सर्जरी के लिए सहमति दी। यहां विभिन्न तरह की जांच के बाद मरीज की लेप्रोस्कोपिक कोलेसिस्टेक्टॉमी मिनिमल इनवेसिव सर्जरी की गई। सर्जरी सफल होने के बाद कुछ दिन तक डाक्टरों की निगरानी में रखने के बाद उसे अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। मरीज का ऑपरेशन करने वाली टीम में डॉ. अमित अग्रवाल, डॉ. मनीष साहू, डॉ. अंजलि जालान, डॉ. आयुषी गोयल, डॉ. पूजा जैन एवं एनेस्थीसिया टीम में डॉ. प्रतिभा शाह एवं डॉ. मंजूलता टंडन शामिल थीं।



### नियमित होती है लेप्रोस्कोपिक सर्जरी

आंबेडकर अस्पताल के अधीक्षक डॉ. संतोष सोनकर स्वयं सर्जरी विभाग के सर्जन हैं। उन्होंने बताया कि सर्जरी विभाग में सभी प्रकार के लेप्रोस्कोपिक यानी हर्निया सर्जरी, हाइडैटिड सिस्ट, लेप्रोस्कोपिक एपेंडेक्टोमी, डायग्नोस्टिक लेप्रोस्कोपिक, लेप्रोस्कोपिक रेक्टोपेक्सी, लेप्रोस्कोपिक जीआई सर्जरी, लेप्रोस्कोपिक कोलेसिस्टेक्टोमी, लेप्रोस्कोपिक वेंट्रल और इंसिजनल हर्निया सर्जरी नियमित रूप से होती हैं। ये सभी सर्जरी की सुविधा शासन की स्वास्थ्य सहायता योजना के अंतर्गत निशुल्क प्रदान की जाती है।

## भटक रहे लोग, कालोनी विकास की अनुमति, छूट का अग्रिम लाभ लेने से करदाता वंचित

# दो माह से निगम का सर्वर बंद, नामांतरण, प्रापर्टी टैक्स भुगतान, नक्शा पास कराने का काम प्रभावित

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर**

- नगर निगम को दो माह में 25 से 30 करोड़ का नुकसान

नगर निगम का प्रापर्टी टैक्स भुगतान वाला सर्वर दो माह से बंद पड़ा है। इससे लोगों को नामांतरण कराने, ट्रेड लाइसेंस बनवाने, कालोनी विकास की अनुमति लेने और भवन निर्माण का नक्शा पास कराने में परेशानी हो रही है। वहीं जमीन की खरीदी बिक्री करने वाले प्रापर्टी टैक्स जमा नहीं होने से परेशान हो रहे हैं। यह स्थिति नगर निगम के किसी एक जोन की न होकर पूरे दस जोन की है। सूत्रों के मुताबिक इन दो माह में नगर निगम को 25 से 30 करोड़ रुपये के राजस्व का फटका लगा है। विभागीय अधिकारियों का कहना है प्रत्येक जोन में 10 से 20 करदाता रोज इस कार्य के लिए आ रहे हैं, पर सर्वर बंद होने के कारण लौट रहे हैं।




### केस 1 — खाली भूखंड का टैक्स जमा नहीं हो रहा

कुशाभाऊ ठाकरे वार्ड के दयानगर में रहने वाले करदाता का कहना है, 600 वर्गफीट के खाली पड़े भूखंड का टैक्स जमा करने जोन दफ्तर गया था। उन्हें यह कहकर लौटा दिया गया कि सर्वर बंद पड़ा है। बाद में आकर पता कर लेना। ऐसा उनके साथ दो से तीन बार हो चुका है।

### केस 2 — नामांतरण का काम अटका

दलदल सिवनी के रहेजा होम के रहवासी की परेशानी ये है कि उन्हें नामांतरण कराना है, पर ऑनलाइन टैक्स पैमेंट वाली साइट बंद होने से उनका काम अटका पड़ा है। जोन के अधिकारियों ने उन्हें कहा कि साइट खुलने पर उनसे ऑनलाइन टैक्स ले लिया जाएगा, पर यह साइट कब खुलेगी यह बात वे बता नहीं पा रहे।

### केस 3 — प्रापर्टी टैक्स जमा नहीं हो रहा

सड्डू बस्ती के करदाता का 2015-16 से प्रापर्टी टैक्स जमा नहीं हुआ है। उन्हें एकमुश्त बकाया भुगतान के लिए डिमांड नोट भेजा गया है। प्रापर्टी टैक्स की नयी आईडी बनने के बाद उन्हें अब बकाया कर भुगतान करना है। जोन दफ्तर जाने पर पता चला कि अभी वे ऑनलाइन बकाया कर जमा नहीं कर सकते। सर्वर बंद है, सर्वर खुलने पर ही उनसे बकाया कर की रकम ली जाएगी।

### अप्रैल से जून तक 6.25 फीसदी छूट का लाभ नहीं मिल रहा

नगर निगम के छोटे-बड़े करदाता को नए वित्तीय वर्ष में अप्रैल से जून तक 6.25 फीसदी छूट देने की व्यवस्था है, पर सर्वर को अपग्रेड करने के नाम पर पिछले दो माह से निगम ने इसे बंद कर रखा है। ऐसे में शहर के ऐसे करदाता जो इन माह की अवधि में अग्रिम रूप से निगम के करों का भुगतान कर छूट का लाभ लेना चाहते हैं, उन्हें इस अवसर का लाभ नहीं मिल रहा है। इतना ही नहीं, उन्हें राजस्व विभाग के अधिकारी यह बताने की स्थिति में नहीं हैं कि प्रापर्टी टैक्स को अपग्रेड वाला सर्वर कब शुरू होगा।

### यूजर चार्ज में बढ़ोतरी, अन्य तकनीकी जानकारी अपलोड का हवाला

दरअसल, हर तीन साल में यूजर चार्ज बढ़ोतरी के नियम को ध्यान में रखते हुए नगर निगम का विभागीय महकमा पुराने यूजर चार्ज को अपग्रेड कर नई दर से यूजर चार्ज वसूली के लिए आवश्यक जानकारी सिस्टम में अपलोड करने में जुटा हुआ है। ऐसे में दस जोन के 70 वार्ड में रहने वाले करदाताओं के लिए यूजर चार्ज की प्रस्तावित दर ऑनलाइन अपलोड कर अन्य तकनीकी जानकारी का इसमें समावेश किया जा रहा है। इसके कारण सर्वर को बंद किया गया है।

# स्टील प्लांट में नाबालिगों से कराया जा रहा था श्रम छापेमारी में 4 रेस्क्यू

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर**

- संचालक-ठेकेदार सहित तीन पर केस दर्ज

धरसींवा क्षेत्र के ग्राम कुथरेल स्थित संभव स्टील ट्यूब्स प्लांट में नाबालिग लड़कों से काम कराया जा रहा था। इसकी शिकायत मिलने पर जिला बाल संरक्षण इकाई महिला एवं बाल विकास विभाग की टीम ने प्लांट में छापा मार कर वहां से कम उम्र के दिखने वाले 12 लड़कों को रेस्क्यू किया, जिसमें से 8 लड़कों की उम्र उनके सर्टिफिकेट की जांच में 18 वर्ष से ज्यादा पाई गई, वहीं 4 लड़कों की उम्र 18 से कम पाई गई। विभाग ने इस मामले में अब प्लांट के संचालक सहित तीन के खिलाफ धारा 146 बीएनएस, 79, 3, 14 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी शैल ठाकुर ने बताया कि 5 मई को सूचना मिली थी कि ग्राम कुथरेल स्थित संभव स्टील प्लांट में नाबालिग लड़कों से काम कराया जा रहा है। इस सूचना पर प्लांट में छापा मार कार्रवाई के लिए संयुक्त टीम बनाई गई। यह टीम बाल संरक्षण अधिकारी संजय निराला के नेतृत्व में बनी। इस टीम में विभाग के अन्य कर्मचारियों के अलावा पुलिस के अधिकारी-कर्मचारी भी शामिल रहे। टीम ने प्लांट में जांच करते हुए 12 लड़कों को चिन्हांकित किया, जिनकी उम्र 18 से कम लग रही थी। इन सभी लड़कों को रेस्क्यू किया और उनकी आयु और परिजनों के बारे में पता लगा गया।

इस दौरान 8 लड़कों की आयु उनके सर्टिफिकेट की जांच में 18 वर्ष से अधिक मिली। इसके बाद इन सभी लड़कों को उनके परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया, वहीं 4 लड़कों की आयु सर्टिफिकेट में 18 वर्ष से कम पाई गई। इस तरह प्लांट में चार नाबालिगों से प्लांट पर काम कराया जाना पाया गया। विभाग की ओर से इस मामले में धरसींवा थाना में प्लांट के संचालक भावेश खेतान, ठेकेदार कुलेश्वर राम एवं रविंद्र के खिलाफ अपराध दर्ज कराया है।

# वियतनाम टूर कराने के नाम पर व्यापारी से 8 लाख की ठगी

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर**

- इंस्टाग्राम में विज्ञापन देखकर ट्रेवओरा ट्रैवल्स कंपनी से संपर्क कर ऑनलाइन कराई थी बुकिंग

सोशल मीडिया में जारी होने वाले फर्जी विज्ञापन के झांसे में आकर आये दिन लोग ठगी के शिकार हो रहे हैं। ऐसा ही राजधानी रायपुर में एक और मामला सामने आया है, जिसमें एक व्यक्ति ने इंस्टाग्राम में आया विज्ञापन देखकर वियतनाम घूमने के लिए ट्रेवओरा ट्रैवल्स कंपनी से संपर्क कर बुकिंग कराई। इसके एवज में उसने 8 लाख 8 हजार रुपए का ऑनलाइन पेमेंट भी कर दिया, लेकिन बाद में उसे पता चला कि उसके साथ धोखाधड़ी हुई है। पुलिस ने इस मामले में अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध किया है।

सिविल लाइंस पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सिविल लाइंस निवासी पवन कुमार कांकरिया कपड़ा व्यापारी हैं। पुलिस को दिए बयान में पवन ने बताया कि वह और उसके परिवार के सदस्य वियतनाम देश घूमने का प्लान बना रहे थे। इस दौरान इंस्टाग्राम में बहुत कम खर्च पर दूसरे देशों का टूर कराने का विज्ञापन आया था। यह विज्ञापन ट्रेवओरा ट्रैवल कंपनी का था। इस विज्ञापन को देखकर पवन ने विज्ञापन में दिए मोबाइल नंबर पर संपर्क किया। ट्रैवल कंपनी के धारक ने बताए देश के टूर के अनुसार वियतनाम टूर पर लगने वाले खर्च का कोटेशन भेजा। इस कोटेशन के अनुसार पवन ने बुकिंग कराने के लिए कंपनी धारक के बताए खाते में 8 लाख 8 हजार रुपए ऑनलाइन ट्रांसफर किए। यह राशि 6 बार में ट्रांसफर की।

# महापौर ने नगरवासियों से की अपील, बालकनी में गमले न रखें

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर**

- जानलेवा हो सकता है, गमले बालकनी के अंदर सुरक्षित स्थान पर रखें

महापौर मीनल चौबे ने सभी नगरवासियों से अपील की है कि वे अपनी एवं दूसरों की सुरक्षा का ध्यान रखते हुए गमले अथवा अन्य भारी वस्तुएं बालकनी की रेलिंग या किनारे पर न रखें। ऐसी वस्तुएं तेज हवा, कंपन या हल्के धक्के से नीचे गिर सकती हैं। इसीलिए इन बातों का पालन करें।

महापौर ने कहा है कि गिरते हुए गमलों से गंभीर दुर्घटनाएं हो सकती हैं, जिनमें राहगीरों को गंभीर चोट या आकस्मिक मृत्यु का सामना तक करना पड़ सकता है।किसी भी सार्वजनिक या निजी भवन की ऊपरी मंजिलों की बालकनी से नीचे गिरने वाली वस्तुएं नागरिकों की सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा हैं। महापौर मीनल चौबे और आयुक्त विश्वदीप ने राजधानी वासियों से आग्रह किया है गमले बालकनी के अंदर सुरक्षित स्थान पर रखें और अपने आसपास के लोगों को भी इसके लिए जागरूक करें।




## पेज 11 के शेष ...

### बीपी-शुगर की समस्या...

से दोनों तरह की समस्या लगातार बढ़ रही है। स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के अनुसार रायपुर जिले में इसके डेढ़ लाख पीड़ित हैं। निजी अस्पतालों की संख्या को अगर इसमें शामिल किया जाता है, तो संख्या दोगुनी है। बड़ों के साथ अब कम उम्र के लोगों को भी इस तरह की परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सही समय पर अगर इसे नियंत्रित नहीं किया जाए, तो यह भविष्य में बड़ी समस्या का कारण बन सकता है। स्वास्थ्य विभाग बीपी-शुगर की बढ़ती परेशानी को ध्यान में रखते हुए इसके नियंत्रण के लिये उपाय कर रहा है। सूत्रों के अनुसार जिला अस्पताल पंडरी में आने वाले दिनों में लाइफ स्टाइल क्लीनिक की शुरुआत की जाएगी, जिसमें दोनों ही तरह की परेशानी से जूझ रहे लोगों को उपचार की सुविधा दी जाएगी। साथ ही उन्हें बचाव के तरीके भी बताए जाएंगे। इस क्लीनिक में एलोपैथी के साथ आयुर्वेद के चिकित्सक भी अपनी सेवा देंगे, जो अपनी पद्धति से दोनों तरह की समस्या से लड़ने के उपाय बताएंगे। लाइफ स्टाइल क्लीनिक तैयार करने का काम काफी जोरों से किया जा रहा है।

### राजधानी के 65 स्कूलों...

जिन विद्यालयों के प्राचार्यों को नोटिस जारी हुआ है, उनमें 62 हाईस्कूल तथा 3 हायर सेकंडरी के हैं। इन सभी स्कूलों में तमाम तरह की सुविधाएं होने के बाद भी उत्तीर्ण छात्रों का प्रतिशत 55% तक नहीं पहुंच सका। अंदरुनी सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, समीक्षा बैठक में इन स्कूलों के प्राचार्यों को कड़ी फटकार लगाई गई है। कुछ प्राचार्यों की वेतन वृद्धि भी रोकने की तैयारी है। ना केवल प्राचार्य बल्कि व्याख्याताओं भी गाज गिरी है। कई लेक्चरर्स की वेतनवृद्धि रोकने नोटशीट बनाए जा रहे हैं।

### ट्रकों में एथिलीन से...

आंध्रप्रदेश, उत्तरप्रदेश के लखनऊ, प्रतापगढ़, सीतापुर, मुरादाबाद, मेरठ और इलाहाबाद जैसे शहरों से रायपुर में आम की पेटियां पहुंच रही हैं। इन फलों को ट्रकों में लोड करने से पहले ही एथिलीन की पुड़ियां उनके साथ रख दी जाती है। रास्ते में 2-3 दिन का समय लगने के दौरान फल कृत्रिम रूप से पक जाते हैं। जैसे ही ट्रक रायपुर पहुंचते हैं, पेटियों से एथिलीन की पुड़ियां निकाल दी जाती है, ताकि किसी भी तरह की कार्रवाई से बचा जा सके। जांच के दौरान पेटियों में इन पुड़ियों के निशान साफ तौर पर देखे गए। विशेषज्ञों का कहना है कि एथिलीन का अधिक उपयोग स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकता है। इसके प्रभाव से लंबे समय में शरीर पर नकारात्मक असर पड़ सकता है।

### दो दिन में पक...

लिए एथिलीन की पुड़ियों का इस्तेमाल किया जा रहा है, जिनकी कीमत मात्र 2 रुपए प्रति पुड़िया है। कम लागत और तेज असर की वजह से इनका प्रयोग धड़ल्ले से हो रहा है।

### 12 दिनों तक इतवारी...

जाएगा, जिसके चलते बिलासपुर-रायपुर, जूनागढ़ रोड पैसेंजर और कोरबा पैसेंजर ट्रेनें रद्द रहेंगी। रेलवे द्वारा लगातार ट्रेनों के रद्द होने और देरी से चलने के कारण यात्रियों की समस्याएं बढ़ती जा रही हैं।

### परिवर्तित मार्ग से...

योग नगरी ऋषिकेश-पुरी उत्कल एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग व्हाया ईब-झारसुगुड़ा रोड-संबलपुर सिटी-कटक के रास्ते चलेगी । 20 व 27 मई 03, 10, 17 व 24 जून को आरा से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 13288 आरा-दुर्ग साउथ बिहार एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग व्हाया कान्ड्रा-सीनी (टाटानगर छोड़कर) के रास्ते चलेगी। 24 व 31 मई 07, 14, 21 व 28 जून को दुर्ग से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 13287 दुर्ग-आरा साउथ बिहार एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग व्हाया सीनी-कान्ड्रा-(टाटानगर छोड़कर) के रास्ते चलेगी।




## निधन

### गिरिजा शर्मा




**रायपुर।** बिठइया खरोरा निवासी गिरिजा शर्मा का 14 मई को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे अविनाश शर्मा की माताजी थीं।

### आनंदराम वर्मा




**रायपुर।** ग्राम बेल्दारसिवनी खरोरा निवासी आनंदराम वर्मा का 17 मई को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे भोजाबाई के पति, हेमलाल, महेश, कुलेश्वर, यशोदा के पिता थे।



## खबर संक्षेप

### जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद का आज राजधानी आगमन



**रायपुर।** ज्योतिषपीठाधीश्वर जगद्गुरु स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज चार दिवसीय प्रवास पर छत्तीसगढ़ पधारे हैं। मंगलवार को वाराणसी से अंबिकापुर आगमन हुआ है, जहां शहर के सनातनियों ने उनका भव्य स्वागत किया। बुधवार को जगद्गुरु शंकराचार्य राजधानी के बोरियाकला स्थित शंकराचार्य आश्रम पहुंचेंगे, जहां वे 3 दिन तक श्रद्धालुओं को दर्शन लाभ देंगे। राज्य सरकार ने जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती को राज्य अतिथि का दर्जा दिया है। साथ ही उनकी सुरक्षा व सुविधा के लिए विशेष व्यवस्था की गयी है। ज्योर्तिमठ के चंद्रप्रकाश उपाध्याय ने बताया कि राजधानी के शंकराचार्य आश्रम में ब्रम्हलीन जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती महराज के प्रतिमा का अनावरण किया जाना है, जिसके लिए ज्योतिषपीठाधीश्वर का रायपुर आगमन बुधवार को हो रहा है।

### शिक्षक पद समाप्ति से आक्रोशित छात्र, कहा- प्रयोगशाला ना बनाएं



**रायपुर।** शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण, 35 हजार शिक्षक पदों की समाप्ति सहित 4000 शासकीय विद्यालयों को बंद करने को लेकर एनएसयूआई ने अपना विरोध दर्ज कराया है। अपनी मांग लेकर एनएसयूआई पदाधिकारी मंत्रालय पहुंचे। यहां उन्होंने लोक शिक्षण संचालनालय में विरोध दर्ज कराया। इस दौरान पदाधिकारियों ने कहा, छत्तीसगढ़ में शिक्षा को व्यवस्था नहीं, प्रयोगशाला बना दिया गया है। शिक्षक पद समाप्त करना और स्कूल बंद करना सीधे तौर पर शिक्षा के अधिकार पर हमला है। यह निर्णय प्रदेश के गरीब, ग्रामीण और पिछड़े वर्ग के बच्चों से उनकी बुनियादी शिक्षा छीनने जैसा है।

### रोड एक्सीडेंट में घायलों को मिलेगा अब डेढ़ लाख रुपए तक निशुल्क उपचार

**रायपुर।** रोड एक्सीडेंट में घायलों को अब अपने इलाज के लिए डेढ़ लाख रुपए तक निःशुल्क उपचार की सुविधा मिलेगी। इस संबंध में अंतर्विभागीय लीड एजेंसी सड़क सुरक्षा छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष संजय शर्मा ने इस संबंध में आदेश जारी कर प्रदेश के सभी जिला कलेक्टरों, जिला सड़क सुरक्षा समिति के अध्यक्षों एवं पुलिस अधीक्षकों के नाम पत्र लिखा है। अंतर्विभागीय लीड एजेंसी के अध्यक्ष द्वारा जारी किए गए इस पत्र में कहा गया है कि 5 मई 2025 से प्रवृत्त सड़क दुर्घटना पीड़ितों का नकदी उपचार स्कीम 2025 की प्रभावशीलता के साथ मोटरयान के प्रयोग से सड़क दुर्घटनाओं के पीड़ितों की दुर्घटना की तारीख से सात दिनों के दौरान किसी भी अस्पताल में वह अपना इलाज डेढ़ लाख रुपए तक निःशुल्क करा सकता है। उन्होंने पत्र में लिखा है कि कि इन बिंदुओं के अनुसार नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही की जाए।

# छत्तीसगढ़ से दूसरे राज्यों में जाने लगा अंडा, उत्पादन कम, बढ़ गए दाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अपने प्रदेश से एक बार फिर से दूसरे राज्यों में अंडों का जाना प्रारंभ हो गया है। इसी के साथ गर्मी की वजह से उत्पादन भी तीस फीसदी तक कम हो गया है। ऐसा होने से अंडों की कीमत बढ़ गई है। अब अंडा पोल्ट्री में जहां थोक में 5.40 रुपए में मिल रहा है, वहीं चिल्हर में 6.5 रुपए में मिल रहा है। यही नहीं, अब आंध्रप्रदेश से आना वाला अंडा भी नहीं आ रहा है। दक्षिण के राज्यों से हर माह 15 सौ करोड़ अंडे कुवैत जाते हैं, लेकिन कुवैत ने 60 ग्राम से कम वजन वाले अंडे लेना बंद कर दिया, तो वहां 11 सौ करोड़ अंडों का जाना बंद हो गया। ऐसे में दक्षिण के राज्यों से देशभर में अंडों का स्टॉक भेजा जा रहा था, इससे रेट वार प्रारंभ हो गया और अंडों के दाम जमीन पर आ गए थे। अपने राज्य में भी आंध्रप्रदेश के अंडों के आने के कारण यहां पर कीमत कम हो गई थी। पोल्ट्री फार्म में अंडों की कीमत चार रुपए, जबकि दुकानों में 4.50 से 5.00 रुपए में मिल रहे थे। प्रदेश के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ कि अपने राज्य से दूसरे राज्यों में अंडों का जाना भी बंद हो गया। इसके कारण रोज 30 लाख अंडों का स्टॉक भी हो रहा था।

## कुवैत जाने लगा अंडा तो आंध्रप्रदेश से यहां आना बंद, दूसरे राज्यों में बहुत कम जा रहा

### तीन माह रहा बड़ा संकट

छत्तीसगढ़ देश में अंडों का उत्पादन करने वाला बड़ा राज्य है। यहां पर रोज करीब 70 लाख अंडों का उत्पादन होता है। इसमें से 40 फीसदी यानी करीब 30 लाख अंडे रोज दूसरे राज्यों महाराष्ट्र, विदर्भ, मप्र, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, झारखंड और बिहार जाते हैं। दूसरे राज्यों के कारण ही अपने राज्य में अंडों का कारोबार फल फूल रहा है, लेकिन तीन माह पहले अंडों के कारोबार पर बड़ा संकट आ गया था, जब अपने राज्यों से अंडों का दूसरे राज्यों में जाना बंद हो गया था। ऐसे में रोज 30 लाख अंडों के बचने के कारण इनको कोल्ड स्टोरेज में रखना पड़ा।



### फिर से अंडे कुवैत भेजे जाने से राहत

कुवैत में भारत से हर माह तीन सौ कंटेनर अंडे जाते हैं, एक कंटेनर में करीब पांच लाख अंडे होते हैं। यानी डेढ़ हजार करोड़ अंडों की खपत कुवैत में होती है। लेकिन बीते तीन माह से कुवैत में अंडे जाने कम हो गए थे। इसका कारण यह कि कुवैत वाले 60 ग्राम से कम अंडे नहीं ले रहे था। ऐसे में एक माह में 80 कंनेटर ही जा रहे थे तो देश में 11 सौ करोड़ अंडों का स्टॉक बच रहा था। इसी स्टॉक को दक्षिण के राज्य दूसरे राज्यों में खपा रहे हैं तो रेट कम हो गया। अब वापस कुवैत अंडों का जाना प्रारंभ होने से बड़ी राहत मिली है। दक्षिण के राज्यों से छत्तीसगढ़ के साथ दूसरे राज्यों में अंडों का जाना लगभग बंद हो गया है तो एक बार फिर से अपने राज्यों से उन राज्यों में अंडे जा रहे हैं जिन राज्यों में हमेशा अंडे जाते हैं।

### दूसरे राज्यों में जा रहे अब

अपने राज्य से दूसरे राज्यों में अंडों का जाना एक बार फिर से प्रारंभ हो गया है। इसी के साथ गर्मी के कारण उत्पादन भी कम होने के कारण कीमत में इजाफा हुआ है। वैसे भी बीते तीन माह में पोल्ट्री कारोबार में बहुत नुकसान हुआ है। अब जाकर वापस राहत मिली है।

\- **धनराज बैनर्जी,** पोल्ट्री कारोबारी

## मुख्यमंत्री ने भू-जल संवर्धन मिशन का किया शुभारंभ

# जल संवर्धन की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा भू-जल संवर्धन मिशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय भू-जल संवर्धन मिशन (शहरी) का शुभारंभ किया। इसके तहत प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में भू-जल और वर्षा जल के संरक्षण-संवर्धन के लिए मिशन मोड पर काम किए जाएंगे। मुख्यमंत्री नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में आयोजित शुभारंभ कार्यक्रम में मिशन के ब्रोशर का विमोचन और इस पर तैयार वीडियो भी लॉन्च किया। उन्होंने राज्य के नौ नगरीय निकायों में सेवाकाल के दौरान दिवंगत 18 कर्मचारियों के परिजनों को अनुकंपा नियुक्ति पत्र भी सौंपा।

- भू-जल और वर्षा जल संरक्षण पर शहरों में होंगे प्रभावी काम

भू-जल संवर्धन मिशन के शुभारंभ के मौके पर आयोजित कार्यशाला में हाइड्रोलॉजिस्ट्स, कॉलोनाइजर्स, उद्योग समूह, वन विभाग, लोक निर्माण विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग तथा जल संसाधन विभाग के अधिकारियों ने जल संरक्षण, इसके उपायों और परिणामों पर मंथन किया। उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव और भारत के वाटरमैन के नाम से प्रसिद्ध राजेन्द्र सिंह ने भी कार्यशाला में अपने विचार रखे तथा प्रतिभागियों के सवालों के जवाब भी दिए। गुजरात के सूरत म्युनिसिपल कार्पोरेशन की टीम ने वहां वर्षा जल के संचय और भू-जल रिचार्ज के लिए किए जा रहे कार्यों को साझा किया।



### पानी की व्यवस्था की चुनौतियों को देखते हुए शुरू हो रहा मिशन- साव

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा, वर्षा जल के संचय, संरक्षण और भू-जल को रिचार्ज करने के उपायों पर विशेषज्ञों ने अभी चार घंटे तक चर्चा की है। वाटरमैन राजेन्द्र सिंह और सूरत नगर निगम के विशेषज्ञों का मार्गदर्शन भी प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा, इस संवाद के दौरान जल के संरक्षण और संवर्धन के कार्यों को स्कूली पाठ्यक्रम में शामिल करने और राज्य में वर्षा के पैटर्न के अनुरूप फसल चक्र अपनाने की बातें प्रमुखता से आई हैं। उन्होंने कहा, आने वाले समय में शहरों में पेयजल और अन्य जरूरतों के लिए पानी की व्यवस्था की चुनौतियों को देखते हुए नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा इस मिशन को प्रारंभ किया जा रहा है।

### जल के बिना जीवन की कल्पना नहीं- साय

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय भू-जल संवर्धन मिशन (शहरी) के शुभारंभ पर कहा, जल के बिना जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती। जल की पर्याप्त उपलब्धता की चिंता करते हुए नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा इस महत्वाकांक्षी मिशन की शुरूआत की जा रही है। उन्होंने उम्मीद जताई कि वर्षा जल और भू-जल के संरक्षण व संवर्धन में यह मिशन मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा, प्रदेश में जल संरक्षण के लिए कई उपाय किए जा रहे हैं। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा ग्रामीणों की सहभागिता से 'मोर गांव मोर पानी' अभियान संचालित किया जा रहा है। दोनों अभियानों का मकसद एक है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर जल संरक्षण के लिए पूरे देश में अमृत सरोवरों के रूप में नए तालाबों का निर्माण और पुराने तालाबों का जीर्णोद्धार किया जा रहा है।

### स्रोतों के पुनर्भरण और रिचार्ज पर हो रहा काम- केदार

*जल संसाधन मंत्री केदार कश्यप ने भू-जल संवर्धन मिशन के शुभारंभ पर खुशी जताते हुए कार्यक्रम में कहा, मिशन के तहत अनुकरणीय काम होंगे, ऐसी उन्हें उम्मीद है। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में जनभागीदारी से जल संचय करने में छत्तीसगढ़ को पूरे देश में प्रथम स्थान मिला है। जल के महत्व को देखते हुए इसके स्रोतों के पुनर्भरण और रिचार्ज करने के लिए गंभीरता से काम करने की जरूरत है। जल संसाधन विभाग भी इस पर गंभीरता से काम कर रहा है।*

### ये थे मौजूद

*कार्यक्रम में विधायक राजेश मूणत, सुनील सोनी, मोती लाल साहू, पुरन्दर मिश्रा, गुरू खुशवंत साहेब, इन्द्र कुमार साहू, रायपुर नगर निगम की महापौर मीनल चौबे और वाटरमैन के नाम से मशहूर राजेन्द्र सिंह भी विशिष्ट अतिथि के रूप में शुभारंभ कार्यक्रम में शामिल हुए। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के सचिव डॉ. बसवराजु एस., संचालक आर. एक्का और राज्य शहरी विकास अभिकरण के सीईओ शशांक पाण्डेय सहित सभी नगर निगमों के महापौर, सभापति और आयुक्त, नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों के अध्यक्ष एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगरीय निकायों के अभियंता, जल विशेषज्ञ, समाजसेवी, स्वयंसेवी संगठनों के प्रतिनिधि, नगरीय प्रशासन विभाग और सुडा के अधिकारी बड़ी संख्या में शुभारंभ कार्यक्रम में मौजूद थे।*

# मठपुरैना बीएसयूपी कॉलोनी में पेयजल संकट, रहवासियों ने किया जोन दफ्तर का घेराव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम जोन 6 क्षेत्र के अंतर्गत ढेबर सिटी के पास मठपुरैना की बीएसयूपी कालोनी में जल संकट से त्रस्त लोगों ने मंगलवार को जोन 6 दफ्तर का घेराव किया। भुक्तभोगियों का कहना है कि सप्ताहभर से उनकी कालोनी में पेयजल संकट से लोग परेशान हैं। शिकायत के बाद भी निगम के संबंधित अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे, इसलिए जोन दफ्तर के सामने प्रदर्शन कर पानी की मांग करने आये हैं। उनका ये भी कहना है, भीषण गर्मी में हमें पानी के लिए भटकना पड़ रहा है।

मठपुरैना की बीएसयूपी कालोनी में पानी की किल्लत को लेकर रहवासियों ने भाठागांव स्थित नगर निगम जोन 6 दफ्तर का घेराव किया। आवासीय परिसर में पेयजल संकट की ओर ध्यान नहीं देने का आरोप लगाते हुए कालोनी वासियों ने पेयजल संकट दूर करने की मांग की। यही नहीं, जोन कमिश्नर को पेयजल समस्या से अवगत कराते हुए आपत्ति दर्ज कराई गई। लोगों का कहना है, उनकी कालोनी में लोगों को पेयजल उपलब्ध कराने नगर निगम ने संपवेल बनाया है, पर कुछ समय से संपवेल में पानी नहीं आ रहा है। इससे उन्हें नहाने-धोने और पीने के लिए पानी के लिए भटकना पड़ रहा है। जोन दफ्तर में अपनी समस्या लेकर पहुंचने वालों में मुख्य रूप से कॉलोनी के प्रेम तांडी, राजेंद्र महानंद, संतोष तांडी,उर्मिला, वर्षा दीप, विनती नायक, त्रिवेणी महानंद, बनीता महंत, पुष्पा, कंचन तांडी, सोना फूलो चौहान सहित बीएसयूपी कॉलोनी के अन्य रहवासी शामिल रहे।

### समस्या दूर करेंगे

बीएसयूपी कालोनी की 6 पुरानी पाइप खराब हो गयी थी, उसे बदलकर नया पाइप लगाकर समस्या दूर की जा रही है। जन शिकायत मिलने पर टीम भेजकर पेयजल समस्या का समाधान कराया जा रहा है।

\- **हितेंद्र यादव, कमिश्नर,** जोन क्रमांक 6, नगर निगम रायपुर

# शिक्षक व स्कूल शिक्षा विभाग आमने-सामने, शिक्षकों ने पूछा- दो टीचर कैसे पढ़ाएंगे? जवाब- कमरे ही दो हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया के आगे बढ़ते ही शिक्षा विभाग व शिक्षक संघ के बीच तकरार बढ़ता हुआ दिख रहा है। एक ओर शिक्षा विभाग की ओर से युक्तियुक्तकरण को संतुलित व गुणवत्ता पूर्ण बताया जा रहा है, वहीं शिक्षक टीचर्स एसोसिएशन ने युक्तियुक्तकरण को शिक्षा गुणवत्ता से खिलवाड़ व शासकीय शाला को कमजोर करने का प्रयास बताया है। शिक्षक संघ ने शासन से कई सवाल करते हुए छात्र-पालक व शिक्षकों का पक्ष रखा है। उनके द्वारा मंगलवार को सचिव शिक्षा व डीपीआई को अल्टीमेटम दिया गया है कि यदि एक सप्ताह में विसंगतिपूर्ण युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया को निरस्त नहीं किया जाता है तो 28 मई को 23 संगठन मिलकर मंत्रालय का घेराव करेंगे। सभी संघ मिलकर सर्व शिक्षक संघ छत्तीसगढ़ के बैनर में विरोध करेंगे। दूसरी स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा भी शिक्षक संघ द्वारा लगाए गए आरोपों का जवाब देते हुए सभी बिंदुओं पर स्पष्टीकरण दिया गया है। स्कूल शिक्षा विभाग का कहना है कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम लागू होने के बाद 2008 के सेटअप की प्रासंगिकता नहीं रह गई है। जिन बिंदुओं पर शिक्षक संघ द्वारा घेराव सहित विरोध-प्रदर्शन की चेतावनी दी गई है, उन बिंदुओं पर स्कूल शिक्षा विभाग ने अपना पक्ष रखा है। स्कूल शिक्षा विभाग का कहना है कि युक्तियुक्तकरण पूर्णतः नियमों के अनुसार किया जा रहा है।

- युक्तियुक्तकरण के विरोध में शिक्षक संघ, 23 संगठन 28 को करेंगे मंत्रालय घेराव

### शिक्षक विहीन स्कूलों में पदस्थ होंगे अतिशेष शिक्षक

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा ने कहा, 2008 के सेटअप के अनुसार प्रायमरी स्कूलों में न्यूनतम एक प्रधान पाठक और दो शिक्षक प्रावधानित हैं। मिडिल स्कूलों में एक प्रधान पाठक और 4 शिक्षक प्रावधानित है। युक्तियुक्तकरण में एक-एक पद कम करके इसे 1+1 और 1+3 कर दिया गया है। प्रदेश में 30700 प्राथमिक शाला संचालित है, जहां एक सहायक शिक्षक का पद कम किया जा रहा है। इसके अलावा 13149 पूर्व माध्यमिक शाला संचालित हैं, यहां भी शिक्षक का 1 पद कम किया जा रहा है। इस तरह से 43849 पद समाप्त हो गए और यही शिक्षक अब अतिशेष बनाये जा रहे हैं। स्कूल शिक्षा विभाग का कहना है कि अतिशेष शिक्षकों को शिक्षक विहीन स्कूलों में पदस्थ किया जाएगा। किसी भी शिक्षक को नौकरी से नहीं निकाला जाएगा।

### 17000 स्कूलों में शिक्षकों का अनुपात अधिक

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा, प्रदेश संयोजक सुधीर प्रधान, वाजिद खान, प्रदेश उपाध्यक्ष हरेंद्र सिंह, देवनाथ साहु, बसंत चतुर्वेदी, प्रवीण श्रीवास्तव, शैलेंद्र यदु, डॉक्टर कमल वैष्णव, प्रदेश सचिव मनोज सनाढ्य, प्रदेश कोषाध्यक्ष शैलेंद्र पारीक ने कहा है कि जरा सोचकर देंखे शिक्षाविद व शिक्षा विभाग प्रायमरी स्कूलों में कम से कम 5 शिक्षक होना चाहिए। पहली से पांचवी कक्षा तक मिलाकर 18 पीरियड होते हैं। 2 शिक्षक 18 पीरियड नहीं पढ़ा सकते हैं। इस पर स्कूल शिक्षा विभाग का कहना है कि शिक्षा के अधिकार अधिनियम के अनुसार, 60 से कम दर्ज संख्या वाले विद्यालयों में दो शिक्षक होने चाहिए तथा एक शिक्षक के लिए एक कक्ष होना चाहिए। इसके अलावा प्रदेश में संचालित 30700 प्राथमिक शालाओं में से 17000 विद्यालय ऐसे हैं, जहां 20 से कम विद्यार्थियों पर एक शिक्षक का अनुपात है। अर्थात विद्यार्थियों की तुलना में शिक्षक अधिक हैं।

# मोमिनपारा में बोरवेल पर मलबा से केसिंग पाइप जाम, केलकर पारा में नाली पर अवैध कब्जा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मंगलवार को उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा के साथ नगर निगम सभापति सूर्यकांत राठौर, आयुक्त विश्वदीप और एमआईसी सदस्य अवतार बागल ने बारिश पूर्व नालों की सफाई देखने फील्ड में उतर कर प्रत्यक्ष निरीक्षण किया। सभापति ने मोमिनपारा में निगम के बोरवेल पर मलमा डालकर केसिंग पाइप जाम करने की जानकारी मिलने पर जमकर नाराजगी जताई। उन्होंने निगम के अधिकारियों से संबंधित व्यक्ति को तत्काल नोटिस देकर नियम अनुसार क्षतिपूर्ति वसूलने निर्देश दिए। इसी तरह केलकर पारा में 2 व्यक्तियों द्वारा नाली पर किये गये अवैध कब्जे को जल्द तोड़कर नाली सफाई कराने निर्देश दिए।

रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा ने निगम सभापति और आयुक्त के साथ जोन 2 क्षेत्र में नाले-नालियों की सफाई का निरीक्षण किया। स्थल पर समीक्षा कर अधिकारियों को जयस्तंभ चौक से मधु स्वीट्स, बाम्बे मार्केट होकर रजबंधा मैदान क्षेत्र होते हुए बड़े नाले में गंदे पानी का निकास जोड़ने प्रस्ताव जल्द बनाकर देने निर्देश दिए, ताकि गंदे पानी का निकास तेजी से हो सके। सभापति ने तात्यापारा, बढ़ईपारा, अमीनपारा, केलकर पारा स्टेशन रोड सहित विभिन्न क्षेत्रों की सफाई व्यवस्था का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान कल्लू गैरेज मौदहापारा से जोन 2 कार्यालय तक नया नाला निर्माण करने के लिए प्रस्ताव बनाकर देने निर्देश दिए हैं।



### नाली पर अवैध दीवार, अब टूटेगी

इंदिरा गांधी वार्ड स्थित केलकर पारा में 2 व्यक्तियों द्वारा नाली पर कब्जा कर अवैध दीवार बना दी गयी है। इससे नाली की सफाई नहीं हो रही है। सभापति ने नाली पर बनायी गयी दीवार तत्काल तोड़कर नाली सफाई कराने जोन कमिश्नर डॉ. आरके डोंगरे और जोन स्वास्थ्य अधिकारी निर्देश दिये। इस दौरान जोन 2 कार्यपालन अभियंता पीडी धृतलहरे, जोन स्वास्थ्य अधिकारी रवि लावनिया, उप अभियंता सुधीर भट्ट, निर्मल तिग्गा सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### एमएससी के पुनर्मूल्यांकन परिणाम जारी

**रायपुर।** पं.रविशंकर शुक्ल विवि द्वारा मंगलवार को एमएससी प्रथम व तृतीय सेमेस्टर के पुनर्मूल्यांकन परिणाम जारी कर दिए गए हैं। इसके अलावा एलएलएम व एलएलबी पाठ्यक्रम के विभिन्न सेमेस्टर के परिणाम भी घोषित किए गए हैं। जिन छात्रों ने पुनर्मूल्यांकन के लिए आवेदन किया था, वे रविवि की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर अपने नतीजे देख सकते हैं।

### रक्तदान शिविर आज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश युवा कांग्रेस द्वारा देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न राजीव गांधी के शहादत दिवस एवं पहलगाम हमले में शहीद हुए आमजनों की स्मृति में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन बुधवार को किया जाएगा। आज दोपहर 12 बजे से प्रदेश कांग्रेस कार्यालय शंकर नगर में यह शिविर आयोजित किया जाएगा।

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें
9827555678, 8224868411

## बिजनेस साइट

### श्री बालाजी गारमेंट्स की क्रेज़ी डील्स मेगा सेल को जबर्दस्त रिस्पॉन्स



**रायपुर।** घड़ी चौक स्थित गुरु तेगबहादुर हॉल राजभवन गेट नंबर 3 के सामने, गढ़कलेवा के पास आयोजित क्रेजी डील्स मेगा सेल को शहरवासियों का शानदार रिस्पॉन्स मिल रहा है। श्री बालाजी गारमेंट्स द्वारा आयोजित यह मेगा सेल सीमित समय के लिए रखी गई है, जिसमें तमाम उत्पाद डायरेक्ट फैक्ट्री रेट्स पर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। सेल के आयोजकों ने बताया कि यहां पुरुषों और महिलाओं के कपड़ों की विशाल रेंज उपलब्ध है, जिसमें शर्ट्स, जींस, बैगी, कंफर्ट फिट, कार्गो, टी-शर्ट, लोवर, ट्राउजर, टॉप्स और ब्रांडेड अंडर गारमेंट्स शामिल है। महिलाओं के लिए गाउन, दुपट्टा, टॉप्स, प्लाजो और कैप्री की व्यापक रेंज के साथ-साथ घरेलू जरूरतों के लिए बोन चाइना क्रॉकरी, फ्रिज बॉटल और अन्य वस्तुएं भी बेहद रियायती दरों पर उपलब्ध हैं।

- फैक्ट्री रेट्स पर मिल रहे हैं परिधान व घरेलू सामान

### कालड़ा बर्न एंड प्लास्टिक सर्जरी सेंटर में कॉस्मेटिक एवं प्लास्टिक सर्जरी पर जागरूकता कार्यक्रम

**रायपुर।** पचपेड़ी नाका स्थित कालड़ा बर्न एंड प्लास्टिक सर्जरी सेंटर में कॉस्मेटिक एवं प्लास्टिक सर्जरी के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्लास्टिक सर्जन डॉ. सुनील कालड़ा ने जानकारी देते हुए बताया कि आज भी समाज में प्लास्टिक और कॉस्मेटिक सर्जरी को लेकर कई भ्रांतियां और जागरूकता की कमी है, जबकि यह चिकित्सा पद्धति आम जीवन की गुणवत्ता सुधारने में अहम भूमिका निभा सकती है। डॉ. कालड़ा ने कहा कि सेंटर द्वारा हर महीने दो बार ऐसे अवेयरनेस प्रोग्राम आयोजित किए जाते हैं, जिससे समाज के हर वर्ग को इस चिकित्सा सुविधा की सही जानकारी मिल सके। उन्होंने बताया कि अस्पताल में ट्रांसजेंडर समुदाय के लिए विशेष निशुल्क योजनाएं चलाई जा रही हैं। साथ ही स्माइल ट्रेन योजना के तहत कटे-फटे होंठ और तालु वाले बच्चों का इलाज पूरी तरह मुफ्त किया जाता है।





हरिभूमि लाइव

रायपुर, बुधवार 21 मई 2025

Email id- zindgi.live.hb@gmail.com

0771- 4242222, Message at - 9630172937

02



सरकारी नौकरी छोड़ लौटे अपने गांव, ....

लाइव इवेंट

## आकार-2025 : प्रशिक्षुओं की प्रतिभा को तराश रहे कला गुरु



**रायपुर।** संस्कृति विभाग के संग्रहालय परिसर में लगाए गए आकार कला प्रशिक्षण शिविर के पांचवे दिन प्रशिक्षुओं की अच्छी संख्या दिखी। विविध पारंपरिक विधाओं में कला प्रशिक्षण ले रहे प्रशिक्षु कलाकारों ने पिछले चार दिन में बनाई कलाकृतियों को स्टॉल पर दर्शकों के अवलोकन के लिए प्रदर्शनी भी लगाई है। प्रशिक्षण दे रहे कलागुरुओं के माध्यम से शिविर में पंजीकृत करा रहे सदस्यों को पारंपरिक कलाओं जैसे बांस शिल्प, मधुबनी आर्ट, काष्ठकला, मेहंदी, चित्रकला, रजवार भित्ती, गोदना आर्ट, नाटक, नृत्य, टेरोकोटा, जापान पेपर कटिंग, क्ले आर्ट, पैरा आर्ट आदि कलाओं में पारंगत करने का कार्य चल रहा है। प्रतिभागियों द्वारा अलग-अलग कैंप में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। राजधानी में संस्कृति विभाग द्वारा आकार पारंपरिक शिल्पकला प्रशिक्षण शिविर का यह 24वां वर्ष है। जहां हर साल लगातार पारंपरिक कला प्रशिक्षण शिविर का आयोजन का क्रम चल रहा है। इस शिविर के आयोजन से शहर में पारंपरिक कला विधाओं का नई पीढ़ी में प्रसार को बढ़ावा मिला है।

### पंजीयन के लिए उमड़ रही बच्चों और युवाओं की भीड़

*आकार के इस प्रशिक्षण शिविर में पहुंच रहे राजधानी के कुल प्रशिक्षार्थियों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। प्रशिक्षण शिविर के 5वें दिन पंजीकृत सदस्यों की संख्या 100 के पार पहुंच गई। शिविर में 15 से अधिक विधाओं का प्रशिक्षक, प्रतिभागियों को प्रशिक्षण दे रहे हैं। शिविर के आयोजकों व प्रशिक्षकों ने बताया कि कला के प्रति ज्यादातर छोटे बच्चे व युवावर्ग में खासी रुचि देखी जा रही है।*

### टेराकोटा की कारीगरी व मेहंदी की डिजाइन

*टेराकोटा की कारीगरी में जनजातीय संस्कृति की झलक दिखाई पड़ रही है। वहीं प्रशिक्षु कलाकार उनके स्टॉल पर पहुंच रहे दर्शकों के हाथों में मेहंदी की डिजाइन उकेरकर अपनी कला का प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रशिक्षकों का कहना है कि टेराकोटा और मेहंदी आर्ट को लेकर भी प्रशिक्षु कलाकारों में खासा रुझान देखने को मिल रहा है।*



### क्ले आर्ट से आकृतियां गढ़ रहे प्रशिक्षु कलाकार

*आकरा में पहुंच रहे कलाप्रेमियों के लिए क्ले आर्ट स्टॉल पर प्रशिक्षु कलाकारों द्वारा मिट्टी से गढ़े जा रहे विविध आभूषण, चित्र, बर्तन, और मूर्तियां आकर्षण का केंद्र बन रही हैं। इस बहुमुखी कला जिसे मॉडलिंग क्ले नाम से भी जाना जाता है, इसमें मिट्टी का उपयोग कर विभिन्न वस्तुओं की आकर्षक आकृतियां बनाने का प्रशिक्षण इसके एक्सपर्ट शिविर में दे रहे हैं। क्ले आर्ट से मिट्टी के साथ खेल-खेल में आकर्षक आभूषण, चित्र, बर्तन और मूर्तियां बनाना प्रशिक्षु कलाकारों को भी खूब भा रहा है।*

शहर में कई ऐसी टपरी, जहां सुबह से शाम तक पहुंचते हैं चाय के शौकीन, 60 साल में बढ़ा व्यापार...

# 10 पैसे से 10 रुपए प्याली तक चाय ने बदला स्वाद और बाजार, थोक कारोबार 100 करोड़ के पार

‘शहर के अधिकांश लोगों की नींद सुबह चाय की गर्म प्याली की तलब से खुलती है। दिनभर खुद को ऊर्जावान बनाए रखने के लिए दफ्तरों की कैंटीन ही नहीं, बल्कि मुख्य मार्गों और बाजार में चाय की टपरी लगाने वाले भी मानते हैं कि दुकानें भले ही बढ़ गईं, मगर शौकीनों ने रौनक कम नहीं होने दी। कई ऐसे स्पॉट हैं, जहां चाय के शौकीनों का ठहराव अब भी पुरानी टपरी पर बना है। थोक कारोबारी मानते हैं कि हर साल छत्तीसगढ़ में चाय का कारोबार 100 करोड़ से ज्यादा का हो गया है।’



**रायपुर।** अंतर्राष्ट्रीय चाय दिवस हर साल 21 मई को मनाया जाता है। इस दिन को मनाने का उद्देश्य चाय के इतिहास, संस्कृति और आर्थिक महत्व के बारे में लोगों को बताना है। इस खास मौके को देखते हुए शहर की पुरानी और चर्चित टपरी की टोह हरिभूमि ने ली। राठौर चौक के पास बंगाली दादा की टपरी प्रतिस्पर्धा के इस दौर में भी हमेशा गुलजार रहती है। टपरी में एक कर्मचारी की ड्यूटी सिर्फ चाय बनाने की होती है। मनीराम विश्वास ने बताया कि बड़े भाई अशीष कुमार विश्वास ने करीब 60 साल पहले टपरी को शुरू किया था। तब गंज मार्केट में व्यापारियों का मजमा लगता था। आसपास सिनेमा हॉल की वजह से जो ग्राहक जुड़े, वे इस रूट से आते-जाते एक प्याली चाय के लिए दो मिनट के लिए ठहर जाते हैं।



### बाजार बढ़ने के बाद सबकी पसंद



श्री विश्वास ने बताया कि 60 साल पहले स्टाल पर 10 पैसे में एक प्याली चाय देते थे। धीरे-धीरे 15, 20, 25 और 50 पैसे के बाद जहां शहर में 6 से 10 रुपए कप तक चाय मिलती है। वहीं हम लोगों को 5 रुपए प्याली चाय पिलाते हैं। मानसिक थकान दूर करने के लिए यह एक लोकप्रिय पेय है। इसका सेवन अभी हर वर्ग के लोग करते हैं। शहर में ज्यादातर लोग अकेले रहते हैं। ऐसे लोग चाय की तलब लगते ही टपरी की ओर बढ़ते हैं। इससे आबादी ही नहीं चाय का बाजार भी बढ़ा है।



### सिविल लाइंस में चाय के साथ चर्चा

सिविल लाइंस क्षेत्र में गोलू की टपरी को शहर के ज्यादातर लोग जानते हैं। कर्मचारी से लेकर हर वर्ग के लोग टपरी पर चाय पीने के लिए पहुंचते हैं। यहां बैठने के लिए कोई ठौर-ठिकाना नहीं है, इसके बाद भी सबसे ज्यादा चाय के साथ चर्चित विषयों पर चर्चा का बाजार सुबह से शाम तक गर्म रहता है। लोग चाय लेने के बाद किसी स्थान पर खड़े होकर बातचीत भी करते रहते हैं। कुछ इसी तरह का नजारा स्टेशन चौक के पास स्थित दशरथ की चाय दुकान पर भी देखने को मिलता है। यहां लोग चलते-फिरते चाय का शौक पूरा करते हैं।

### शौकीन तो बढ़े ही कारोबार में भी तेजी

कारोबारी श्याम अग्रवाल ने बताया कि असम, वेस्ट बंगाल, गुवाहाटी और कोलकाता के चाय बागानों से शहर के थोक चाय कारोबारी बल्क में मंगाते हैं। अलग-अलग दर और क्वालिटी के लिहाज से प्रदेशभर के किराना और बड़े दुकान संचालक चायपत्ती की खरीदी रायपुर से ही करते हैं। छत्तीसगढ़ चाय व्यापारी संघ के पूर्व कोषाध्यक्ष महेंद्र कुमार ने बताया कि अभी प्रदेशभर में चाय का आर्डर पूरा करने वाले करीब 20 थोक कारोबारी हैं। समय के साथ चाय का व्यवसाय बढ़ा है। अगर वर्तमान स्थिति की बात करें तो हर साल 100 करोड़ से ज्यादा का कारोबार होता है।

## आदिम जाति विभाग में डाटा एंट्री ऑपरेटर के लिए 22 को कौशल परीक्षा

**रायपुर।** गरियाबंद जिला प्रशासन द्वारा आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग के अंतर्गत डाटा एंट्री ऑपरेटर के दो रिक्त पदों की पूर्ति हेतु आयोजित लिखित परीक्षा के पश्चात चयन प्रक्रिया आगे बढ़ा दी गई है। लिखित परीक्षा में प्राप्त दावा-आपत्तियों के निराकरण के बाद अंतिम मॉडल उत्तर के आधार पर परीक्षार्थियों को अंक प्रदान किए गए। इन अंकों के आधार पर कौशल परीक्षा के लिए वर्गवार कुल 20 अभ्यर्थियों को चयनित किया गया है। चयनित अभ्यर्थियों की कौशल परीक्षा 22 मई 2025 दिन गुरुवार को पूर्वान्ह 12 बजे से लाईवलीहुड कॉलेज देवभोग रोड गरियाबंद में आयोजित की जाएगी। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि कौशल परीक्षा की विस्तृत सूचना जिला कार्यालय गरियाबंद के सूचना पटल एवं जिले की आधिकारिक वेबसाइट **https://gariaband.gov.in** पर उपलब्ध है।

**छात्रवृत्ति भुगतान की संभावित तिथि 10 जून:** आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना अंतर्गत अध्ययनरत विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति को उच्च शिक्षा प्राप्त करने हेतु वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है, जिसके अंतर्गत विद्यार्थियों द्वारा विभागीय पोर्टल पोस्ट मैट्रिक स्कॉलरशिप डॉट सीजी डॉट एनआईसी डॉट इन **https://postmatric-scholarship.cg.nic.in** में ऑनलाईन आवेदन किया जाता है।

## मैक सॉलिटेयर में महिलाओं को डिजिटल मार्केटिंग, साइबर क्राइम से बचाव का प्रशिक्षण

*रायपुर। समता कॉलोनी स्थित महाराजा अग्रसेन इंटरनेशनल कॉलेज (मैक) में इस वर्ष भी महिलाओं के लिए निशुल्क ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण कार्यक्रम ‘मैक सॉलिटेयर’ का आयोजन किया गया है। यह कार्यक्रम 15 अप्रैल से 30 मई तक प्रतिदिन शाम 4 से 5.30 बजे तक संचालित हो रहा है। इसका उद्देश्य महिलाओं के सशक्तिकरण और कौशल विकास को बढ़ावा देना है। प्रशिक्षण सत्रों में डिजिटल मार्केटिंग, साइबर क्राइम जागरूकता, हेयर स्टाइलिंग, बजट प्रबंधन, सोशल मीडिया उपयोग, योग, मेकअप, कुकिंग, आर्ट एंड क्रॉफ्ट, सेल्फ डिफेंस, पर्सनैलिटी डेवलपमेंट आदि विषयों को शामिल किया गया है। प्रशिक्षण के अंत में प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र, आकर्षक उपहार और उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। यह कार्यक्रम महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उन्हें स्वरोजगार के लिए प्रेरित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।*




कलर्स मॉल में फैमिली-फ्रेंड्स के साथ किया एंजॉय

# हरिभूमि-आईएनएच न्यूज की संडे मूवी मस्ती में हॉलीवुड फिल्म देख रोमांचित हुए दर्शक



**रायपुर।** हरिभूमि-आईएनएच न्यूज के संडे मूवी मस्ती के दूसरे सप्ताह कलर्स मॉल सिनेमा में हॉलीवुड मूवी ‘मिशन इम्पॉसिबल’ दिखाई गई। मूवी देखने समर सीजन की छुट्टियां मना रहे स्कूली बच्चों संग पैरेट्स-फ्रेंड्स बड़ी संख्या में पहुंचे। सुबह 8 बजे से 12 बजे तक प्रथम शो के लिए दर्शकों में हरिभूमि-आईएनएच न्यूज की मूवी मस्ती को लेकर भारी उत्साह देखने को मिला। मूवी मस्ती देखने सुबह 7 बजे से ही दर्शक पंचपेडी नाका स्थित कलर्स मॉल पहुंचने लगे थे। इसमें स्कूली बच्चे फैमिली-फ्रेंड्स के साथ मूवी मस्ती के साथ स्पेशल संडे मनाते दिखे। मूवी शो के दौरान सभी दर्शक फिल्म में हॉलीवुड एक्टर टॉम क्रूज के हैरत व रोमांच से भरे कारनामे देख रोमांचित होते रहे। इस आयोजन में खासकर सिटी के स्कूली बच्चों, आमजनों, हरिभूमि-आईएनएच न्यूज के पाठकों, दर्शकों का हर साल की तरह इस बार भी खूब प्यार मिल रहा है। पहले व दूसरे सप्ताह में आईएनएच न्यूज, संडे मूवी मस्ती का टिकट हाथों में थामे कलर्स मॉल सिनेमा पहुंचने वाले सभी वर्ग के सैकड़ों दर्शकों का उत्साह इस आयोजन की सफलता को बता रहा है। सेकंड संडे के आयोजन में हरिभूमि-आईएनएच न्यूज के जीएम अनिल गहलावत सहित मार्केटिंग टीम से प्रशांत तिवारी, संजय बनवासी, अनिल द्विवेदी मौजूद रहे। वहीं मूवी मस्ती के प्रमुख स्पॉन्सर के तौर पर एवीके एग्रो लाइफ साइंस, श्रीनय हॉस्पिटल, निराकार मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल शामिल हैं।



### जनसरोकार में सबसे पहले हरिभूमि-आईएनएच न्यूज

मूवी मस्ती में स्पेशल गेस्ट के तौर पर पहुंचे आरडीए डायरेक्टर नंदे साहू ने हरिभूमि-आईएनएच न्यूज के इस आयोजन की सराहना की। उन्होंने संडे मूवी मस्ती देखने पहुंचे दर्शकों के हुजूम व उत्साह को देखकर कहा कि हरिभूमि समाचार पत्र प्रदेश में जनसरोकार की खबरों के प्रकाशन में सबसे पहले पायदान पर है। हर साल इस तरह का आयोजन हरिभूमि-आईएनएच न्यूज को आमजनों व नई पीढ़ी के और करीब ले जाएगा। हरिभूमि-आईएनएच न्यूज के मार्केटिंग टीम ने स्पेशल गेस्ट आरडीए डायरेक्टर का बुके देकर स्वागत किया।



### मूवी मस्ती सबसे खास परिवार के साथ देखते हैं

अपने परिवार के साथ संडे मूवी मस्ती में कलर्स मॉल सिनेमा पहुंचीं शहर की वर्षा साहू ने कहा कि हरिभूमि समाचार पत्र और आईएनएच न्यूज खबरों के मामले में हर वर्ग के लिए तो खास है ही, इसके अलावा हर साल हमारे बच्चों व फैमिली के लिए संडे मूवी मस्ती का आयोजन सबसे खास होता है।

## सिटी लाइव

# गोठान में सेवा और संरक्षण से बढ़ गई सामाजिक सहभागिता




**रायपुर।** गोधन के संरक्षण-संवर्धन की दिशा में छत्तीसगढ़ शासन की मंशा के तहत अब अग्र सेवा सोसायटी भी सामाजिक सहभागिता का केंद्र बनकर उभरी है। गोकुल नगर में गोठान और भाठागांव कांजी हाउस का संचालन अप्रैल 2025 से सोसायटी द्वारा किया जा रहा है। यह गोठान न के केवल घुमंतू एवं बेसहारा पशुधन के संरक्षण का केंद्र है, बल्कि यहां उनकी देखभाल के साथ स्वच्छता, चारा-पानी के साथ चिकित्सा का ध्यान रखा जाता है एवं गोबर से जैविक खाद भी बनाया जा रहा है। अग्र सेवा सोसायटी के अध्यक्ष कैलाश अग्रवाल ने बताया कि संस्था का उद्देश्य बेसहारा, घायल एवं वृद्ध गोमाता के लिए सुरक्षित, स्वच्छ और सुविधाजनक जगह देनी है। साथ ही पर्यावरण संरक्षण के लिए हरियाली, स्वच्छता व गो आधारित उत्पादों को बढ़ावा देना इस केंद्र का हिस्सा है।

### आत्मनिर्भरता बढ़ाना प्राथमिकता

ग्रामीण क्षेत्र में रोजगार के अवसर देने और स्थानीय लोगों की आत्मनिर्भरता को बढ़ाना भी प्राथमिकता में है। यहां निर्मित जैविक खाद का उपयोग क्षेत्र के किसानों द्वारा किया जाता है। इससे खेतों की उर्वरक शक्ति भी बढ़ती है और रासायनिक खाद पर निर्भरता घटती है। गर्मी को ध्यान में रखते हुए गोमाता के लिए पंखे, स्वच्छ जल एवं छायादार वातावरण दे रहे हैं। जिससे उनका स्वास्थ्य और कल्याण सुनिश्चित हो सके। उन्होंने आम लोगों से अपील की है कि जन्मदिन, विवाह वर्षगांठ, पुण्यतिथि या किसी खास मौके पर गोठान आकर गो-सेवा में सहभागी बनें।

## सिटी इवेंट

# शिक्षक में सीखने की ललक जरूरी समय के साथ खुद को करें अपडेट



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ युवा विकास संगठन द्वारा संचालित कला, वाणिज्य एवं शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय में शिक्षा विभाग ने सेकंड सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने अंतिम सेमेस्टर के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विप्र शिक्षण समिति के अध्यक्ष ज्ञानेश शर्मा ने कहा कि राष्ट्र निर्माण में शिक्षक की भूमिका सर्वोपरी है। प्रशिक्षण के दौरान जो अनुभव रहा और जो सीखा है, विद्यार्थियों को पढ़ाते समय उसका उपयोग जरूर करें। अच्छा शिक्षक बनने से पहले एक अच्छा विद्यार्थी होना जरूरी है। समय के साथ खुद को अपडेट भी करने का प्रयास करें।

### अलग-अलग केटेगरी में मिला पुरस्कार

प्राचार्य डॉ. मेघेश तिवारी ने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शिक्षक का अपडेट होना बेहद जरूरी है। एक अच्छा शिक्षक तभी बन सकते हैं, जब तक आप एक अच्छे विद्यार्थी रहेंगे। इसके बाद सभी विद्यार्थियों ने मनोरंजक गेम्स, डांस और गीतों से माहौल को खुशनुमा बनाया। एकेडमिक अचीवर का पुरस्कार आकाश कुमार सलाम को दिया गया। मोस्ट हेल्पफुल पर्सनैलिटी करण हिरवानी और शुभम दास को प्रदान किया गया। बेस्ट डांसर का अवार्ड आशीष सिंह तोमर को मिला। लीजेंड पर्सनैलिटी के लिए शुभम वर्मा को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर अंतिम सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने अपने अनुभव साझा किया और पूर्व छात्र संगठन के माध्यम से विप्र कॉलेज से जुड़े रहने की बात कही। अपने सहयोग और सुझाव से कॉलेज के विकास में हमेशा सहभागी बनने के लिए विद्यार्थियों ने रुचि दिखाई। समारोह में मिस्टर इवनिंग योगेश और मिस इवनिंग पायल को चुना गया। कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष डॉ. दिव्या शर्मा, प्राध्यापक एवं विद्यार्थी भी शामिल हुए।

## राजेंद्र सिंह ने वर्ष 1975 में शुरू की थी जल संरक्षण की मुहिम

# सरकारी नौकरी छोड़ लौटे अपने गांव, पानी बचाने की मुहिम में जुटे, वाटरमैन के नाम से देशभर में पहचान

**भारत सरकार के युवा मंत्रालय में मैं बतौर प्रोजेक्ट ऑफिसर नौकरी कर रहा था। गांव में पानी की समस्या विकट थी, मेरा मन बार-बार कहता कि मुझे अपने लोगों, मेरे गांव के लिए कुछ करना चाहिए। एक दिन मन बन गया तो नौकरी छोड़कर गांव लौट गया। मैंने आयुर्वेद की डिग्री ले रखी थी, गांव में डॉक्टरी करने लगा, लोग आए दिन दूषित पानी से संबंधित बीमारियों से पीड़ित रहते थे।**



**स्वयं अपनी समस्या पर जीत हासिल करें लोग**

*वाटरमैन राजेंद्र सिंह ने कहा कि राजस्थान की तुलना में छत्तीसगढ़ में भूजल स्तर को रीजार्च करना ज्यादा मुश्किल कार्य नहीं होगा। यहां अभी समस्या शुरू हुई है। यहां बरसात होती है, लोगों को शासन को पानी की हर तरह की समस्या से निजात पाना है तो सिर्फ इतना करना होगा कि बारिश के दिनों में बरसात के पानी को संचित करने के उपाय करें। भूजल स्तर को ऊपर लाने से ही नदियों में, पंपों में पानी आएगा। हमारे यहां लोगों ने सहयोग कर स्वयं अपनी समस्या पर जीत हासिल की। यह यहां के लोगों को भी करना होगा।*

**रायपुर।** गांव के ज्यादातर युवा, बहू-बेटे घर छोड़कर रोजगार के लिए शहर चले गए थे, क्योंकि पानी के बिना कृषि हो नहीं पा रही थी, तब गांव में पानी लाने की जिद ठानी। यह करीब 1975 की आसपास की बात है, जब अकेले गांव में पानी लाने मुहिम छेड़ी थी, वो दिन था और आज का दिन है, मेरे पीछे पूरा कारवां हैं। हमने स्थानीय लोगों, स्थानीय संसाधनों की मदद से किसी भी सरकारी प्रोजेक्ट या आर्थिक सहयोग के बिना करीब 50 साल के जल संवर्धन मुहिम में केवल अपने गांव या जिले में पानी ही नहीं लाया, बल्कि प्रदेश की 23 जीवनदायिनी नदियों को पुनर्जीवित कर 19 जिलों को जल से समृद्ध बनाने का कार्य किया। मैंने यह कार्य किसी उपाधि या पुरस्कार के लिए नहीं, बल्कि अपने गांव, अपने लोगों और प्रकृति की सेवा के उद्देश्य से किया, जो जनसहयोग से सफल रहा। आज देश-दुनिया वाटरमैन ऑफ इंडिया की उपाधि से नवाज रही है। हरिभूमि से खास बातचीत में देश के वाटरमैन कहे जाने वाले राजेंद्र सिंह ने उक्ताशय के विचार साझा किया। वे मंगलवार को साइंस कॉलेज मैदान रोड स्थित पं. दीनदयाल ऑडिटोरियम में राज्य सरकार के भूजल संवर्धन शहरी अभियान में शिरकत करने राजधानी पहुंचे थे। उन्होंने छत्तीसगढ़ में शहरी व ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में भूजल स्तर बढ़ाने अपने योजनाएं भी साझा की।



### सरकार बताए छत्तीसगढ़ में कहां हमारी जरूरत

उनसे जब बातचीत के दौरान सवाल किया कि आपकी संस्था तरूण भारत संघ देश-दुनिया में पानी संरक्षण -संवर्धन को लेकर काम कर रही है, क्या छत्तीसगढ़ का जिला बेमेतरा, जो सबसे ज्यादा जलसंकट वाला क्षेत्र है, वहां काम करने आएंगे क्या? इस पर उन्होंने कहा कि राज्य सरकार हमें यदि ऐसे जलसंकट से प्रभावित जिलों को चिन्हांकित कर बताएगी तो हम जरूर काम करेंगे।

### स्कूली बच्चों को पढ़ाएं कि पानी कैसे बचाएं

पर्यावरणविद राजेंद्र सिंह ने राज्य सरकार को सुझाव के तौर पर अपने विचार साझा करते हुए कहा कि स्कूली शिक्षा में जल संवर्धन और उसके उपयोग को लेकर अलग से सिलेबस शामिल कर बच्चों को पानी के महत्व, आवश्यकता और खुद की जिम्मेदारी की शिक्षा देना जरूरी है। शिक्षकों को जल साक्षरता अभियान से जोड़कर नागरिकों को जागरूक करने की भी मुहिम चलाई जाए, क्योंकि बिन जनसहयोग के जल संकट से कोई सिस्टम निजात नहीं दिला सकता।

### रेन वाटर हार्वेस्टिंग एक्सपर्ट्स ने भी दिया प्रेजेंटेशन

शहर के जाने-माने रेन वाटर हार्वेस्टिंग एक्सपर्ट डॉ. कुंडलेश्वर पाणीग्रही और डॉ. विपिन दुबे ने भी शहर की सोसायटियों की घरों में रेन वाटर हार्वेसटिंग सिस्टम से गार्डन की सिंचाई व भूजल स्तर को ऊपर उठाने के अपने सफल प्रयासों को प्रेजेंटेशन के माध्यम से बताया। वहीं सूरत नगरपालिका के इंजीनियर्स ने प्रेजेंटेशन के माध्यम से अपने यहां रेन वाटर हार्वेस्टिंग से जल संरक्षण, संवर्धन व उपयोग की योजना को साझा किया।

# एयरलाइंस थीम बेस्ड फन फेयर मेला, रंगबिरंगी रोशनी के बीच लुभा रहे देशी और विदेशी झूले




**रायपुर।** नौकरीपेशा लोगों के लिए ड्यूटी टाइम खत्म होने के बाद ही घर-परिवार के बीच समय बिताने का अवसर मिलता है। ऐसे में एक बड़ा वर्ग समर सीजन में मनोरंजन के लिए लगने वाले मेले का भी इंतजार करता है। इसमें यूथ का रुझान हमेशा देशी-विदेशी झूलों को लेकर रहता है। इसे देखते हुए ही अग्रसेन चौक के पास भैंसथान मैदान में एक अलग ही तरह का मेला सजाया गया है। फन फेयर मेले में एंट्री पाइंट को ही बाहर से एयरलाइंस थीम पर तैयार किया है। मार्केट एयरलाइंस की तरह ही डेकोरेट किया है। इसमें प्रवेश करते ही लोगों का ध्यान बरबस ही देशी-विदेशी झूलों की ओर जाता है। बच्चों को बेहतर माहौल देने के लिए लोग बड़ी संख्यामें मेले में पहुंच रहे हैं।



### एरोप्लेन में बैठने का एहसास

मेला संचालक शोएब अहमद ने बताया कि फन फेयर मेले में देशी-विदेशी झूलों की भरमार है। अलग-अलग तरह के झूलों का शौक रखने वालों के लिए ही विविध तरह के झूलों की श्रृंखला सजाई गई है। ब्रेक डांस , डबल डिक्स, ड्रैगन ट्रेन, जाइंट बिल, टोरा-टोरा, कोलंबस, हैलीकॉप्टर और एरोप्लेन का एहसास कराने वाले झूले भी आकर्षण का केंद्र हैं। 30 से 60 रुपए प्रति टिकट होने से लोगों को ये पसंद आ रहे हैं। मिक्की माउस, मिनी ट्रेन बच्चों की पहली पसंद है। माता-पिता भी उनकी खुशी के लिए झूले के पास आने के बाद बच्चों का उत्साह बढ़ाते हैं।

### क्राफ मार्केट के बीच सेल्फी पाइंट

शाम ढलते ही मेले में रौनक बढ़नी शुरू हो जाती है। परिवार के साथ आने वाले लोग क्रॉफ्ट मार्केट में घूमने के साथ जरूरी सामान भी खरीद रहे हैं। वहीं बच्चों, युवाओं और महिलाओं के ग्रुप सेल्फी पाइंट का लुत्फ उठाने दोस्तों के साथ पहुंच रहे हैं। मेले में खाने-पीने की बेहतर सुविधा देने 70 से ज्यादा स्टाल्स भी सजाए गए हैं। जहां घूमते-फिरते महिलाएं घर और किचन के लिए जरूरी सामान देखने के बाद खरीदने में रुचि ले रही हैं।

# सिपेट युवाओं को डिग्री-डिप्लोमा कोर्स के बाद प्लेसमेंट में जॉब भी

**रायपुर।** सिपेट ने 10वीं पास युवाओं का कॅरियर बनाने के लिए 8 साल पहले शहर से सटे भनपुरी क्षेत्र में केंद्रीय पेट्रोरसायन अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संस्थान (सिपेट) स्थापित हुआ। रसायन एवं पेट्रोरसायन विभाग, रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय भारत सरकार ने इसे शुरु किया है। प्लास्टिक एवं पेट्रोरसायन के क्षेत्र में अग्रणी संस्थान रहा है। सिपेट डिप्लोमा एवं डिग्री पाठ्यक्रमों के माध्यम से भी युवाओं को शिक्षित एवं प्रशिक्षित करके रोजगार देने तक साथ निभाता है। इस संस्थान से डिग्री और डिप्लोमा कोर्स करने वाले तीन हजार से ज्यादा युवा वर्तमान में प्रदेश के प्लास्टिक्स उद्योगों के विकास में अहम भूमिका निभा रहे हैं। सोमवार को यह जानकारी एक चर्चा में सिपेट रायपुर के प्रधान निदेशक एवं प्रमुख डॉ. आलोक साहू ने दी।



### उन्नत तकनीक से पढ़ाई और प्रशिक्षण

उन्होंने बताया कि कोई भी 10वीं पास डिप्लोमा इन प्लास्टिक्स टेक्नोलॉजी, डिप्लोमा इन प्लास्टिक्स मोल्ड टेक्नोलॉजी के साथ ही पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन प्लास्टिक्स प्रोसेसिंग एण्ड टेस्टिंग कोर्स करा रहे हैं। साथ ही उन्होंने प्लास्टिक्स के क्षेत्र में रोजगार के लिए सिपेट से जुड़ी कंपनियों में अच्छे पैकेज में शत-प्रतिशत जॉब दिलाने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। संचालित पाठ्यक्रम कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम, शत-प्रतिशत रोजगार के अवसर के साथ उपलब्ध सुविधाओं एवं उन्नत तकनीक की मशीनों की जानकारी देते हैं। यहां से अभी तक तीन हजार से ज्यादा डिग्री-डिप्लोमा धारकों को जॉब भी मिला।

# 1100 दीपों से भगवान परशुराम की महाआरती, गूंजा जयघोष



**रायपुर।** वर्ल्ड ब्राह्मण फेडरेशन एवं सर्व युवा ब्राह्मण परिषद के संयुक्त तत्वावधान में भगवान परशुराम की 1100 दीपों से महाआरती श्री दूधाधारी सत्संग भवन में आचार्य इंदुभवानंद महाराज की अगवाई में हुई। आचार्यश्री ने भगवान परशुराम के शास्त्र और शस्त्र दोनों में पारंगत होने की बात कहते हुए बताया कि वे अधर्म और राक्षसी प्रवृत्ति के विनाश में कभी संकोच नहीं करते थे। वे सच्चे धर्म रक्षक और गंगापुत्र भीष्म, द्रोणाचार्य, अंगराज कर्ण जैसे महान योद्धाओं के गुरु थे। वे माता-पिता के आज्ञाकारी पुत्र और उनके सम्मान के प्रतीक थे। प्रदेश अध्यक्ष अरविंद ओझा ने संगठन के वार्षिक आयोजनों की जानकारी दी और सभी अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम संयोजक नितिन कुमार झा ने भगवान परशुराम को विप्र समाज के आराध्य देव बताया और कहा कि वे आज भी विप्र एकता के प्रतीक हैं। महिला अध्यक्ष नमिता शर्मा ने पूजा की तैयारियों में महिलाओं की भूमिका पर प्रकाश डाला।

### शंख, घंटा और ढोल-धुमाल के साथ महाआरती

कार्यक्रम की शुरुआत भजन मंडलियों की प्रस्तुति से हुई, जिसमें विभिन्न महिला मंडलियों ने संगीतमय भजनों के माध्यम से भक्तिमय वातावरण बना दिया। इसके पश्चात आचार्य इंदुभवानंद महाराज, संगठन के पदाधिकारी, विप्र समाज के प्रमुखजन और विप्रजनों ने शंख, घंटा और ढोल-धुमाल के साथ भगवान परशुराम की 1100 दीपों से भव्य महाआरती की। पूरा परिसर जय-जय परशुराम के जयघोष से गुंजायमान हो उठा। आरती के पश्चात उपस्थितजनों ने प्रसाद रूप में भोजन ग्रहण किया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक वीरेंद्र पांडेय, प्रदेश उपाध्यक्ष ओमप्रकाश मिश्रा, महिला महासचिव सुमन मिश्रा, अजय अवस्थी, सतीश शर्मा, राघवेंद्र पाठक, रवि शर्मा, उमेश शर्मा, सुनील बाजारी सहित अनेक गणमान्य प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

# टीवी शो 'हैरी पॉटर' के सेट पर पानी की तरह बहाया जा रहा पैसा



'हैरी पॉटर' की जादुई दुनिया तो आपको याद ही होगी। इस सुपरनैचुरल सीरीज ने कहीं ना कहीं हम सभी के बचपन में रंग भरे हैं। अब हॉलीवुड की ये पॉपुलर सीरीज एक बार फिर से टीवी शो के रूप में वापसी कर रही है। 'वॉर्नर ब्रोज' इस टीवी शो को लेकर आ रहा है जिसके लिए फैंस काफी एक्साइटेड हैं। एचबीओ द्वारा बनाई जा रही इस नई टीवी सीरीज के लिए तीन बाल कलाकारों को ढूंढा जा चुका है, जो हैरी पॉटर, हर्माइनी ग्रेंजर और रॉन वीस्ली की भूमिकाओं में नजर आएंगे। इसके लिए करीब 32000 ऑडिशन्स हुए हैं जिसके बाद तीन बच्चों को चुना गया है। फिलहाल इन तीनों ही बच्चों के चेहरों को रिवील नहीं किया गया है और ना ही इनके बारे में कोई जानकारी दी गई है लेकिन एक बात तो तय है 'हैरी पॉटर' से जुड़ने जा रहे यह तीनों बच्चें रातों-रात स्टार जरूर बनने वाले हैं। इस टीवी सीरीज को सात सीजन में दिखाया जाएगा। हर एक सीजन की कहानी किताब पर ही आधारित होगी। वॉर्नर ब्रोज ने इस सीरीज को बनाने के लिए भव्य सेट तैयार किया है जिसे बनाने में करीब 1 बिलियन यूरो (9,539 करोड़ रुपये) लगे हैं। यह सेट वार्नर ब्रोज के लीव्सडेन स्टूडियो में स्थित है, जिसमें नए सड़कों, पार्किंग और बच्चों के लिए एक स्कूल जैसी सुविधाएं शामिल हैं। इसके अलावा जीवों के लिए भी खास स्थान तैयार किया गया है। सीरीज में कुछ पुराने किरदारों के लिए कलाकारों की घोषणा की गई है। जॉन लिथगो को डंबलडोर, निक फ्रॉस्ट को हैग्रिड, पॉल व्हाइटहाउस को फिल्च और पापा एस्सिडू को स्नैप की भूमिका में देखा जाएगा।

### टॉलीवुड

# 'वॉर 2' के चलते अटका जूनियर एनटीआर की फिल्म का अपडेट



साउथ सुपरस्टार जूनियर एनटीआर के जन्मदिन पर फैंस को 'वॉर 2' को लेकर एक बड़ा तोहफा मिलने वाला है। ऐसी उम्मीद है कि मेकर्स फिल्म का टीजर जूनियर एनटीआर के जन्मदिन पर जारी कर सकते हैं। जिसको लेकर फैंस काफी उत्साहित हैं। हालांकि, अब जूनियर एनटीआर के फैंस के लिए एक और खबर भी सामने आ रही। इस खबर से जूनियर एनटीआर के फैंस थोड़ा निराश जरूर हो सकते हैं। क्योंकि उन्हें अब एनटीआर का डबल धमाका इस बार देखने को नहीं मिलेगा। ये तो तय है कि 20 मई को जूनियर एनटीआर के जन्मदिन पर फैंस को 'वॉर 2' से जुड़ा एक बड़ा तोहफा मिलने वाला है। उम्मीद है कि ये तोहफा फिल्म का टीजर होगा। लेकिन एनटीआर के फैंस 'वॉर 2' के साथ-साथ उनकी एक और अनटाइटल्ड फिल्म के अपडेट का भी इंतजार कर रहे थे। इस फिल्म को अभी एनटीआर-नील के नाम से जाना जा रहा है। लेकिन अब इस फिल्म के मेकर्स ने फैंस को निराश कर दिया है। एनटीआर-नील की टीम ने 'वॉर 2' को देखते हुए फैसला किया है कि वो फिल्म को लेकर कोई नई अपडेट साझा नहीं करेंगे।

एनटीआर-नील के निर्माताओं ने सोशल मीडिया पर फैंस के लिए एक पोस्ट साझा किया है। इस पोस्ट में मेकर्स ने लिखा, "फैंस हम जानते हैं कि आप उस व्यक्ति का जश्न मनाने के लिए कितने उत्सुक हैं जिसने हमें खुश होने के अनगिनत कारण दिए हैं। 'वॉर 2' के कंटेंट के रिलीज होने के साथ, हमने महसूस किया कि इसे पूरा मौका देना चाहिए। इसलिए एनटीआर-नील मास फिल्म की झलक को बाद के लिए बचाकर रखना सबसे अच्छा है। हम इस साल के जन्मदिन का जश्न पूरी तरह से 'वॉर 2' के साथ मना रहे हैं।" एनटीआर और प्रशांत नील की फिल्म का टाइटल अभी तक तय नहीं हुआ है। हालांकि, इसका नाम 'ड्रैगन' होने की चर्चाएं हैं।

### भोजपुरी

# अक्षरा ने पहले बाबा काशी विश्वनाथ फिर किए मां विंध्यवासिनी के दर्शन



भोजपुरी एक्ट्रेस अक्षरा सिंह इन दिनों भक्ति में लीन हैं। उन्होंने उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर में विंध्यवासिनी देवी और बनारस में काशी विश्वनाथ मंदिर के दर्शन किए और आशीर्वाद लिया।

भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री की सफल एक्ट्रेस अक्षरा सिंह इन दिनों भक्ति भाव में डूबी नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर स्थित शक्तिपीठ विंध्यवासिनी देवी के दर पहुंचीं, जहां उन्होंने दर्शन कर देवी का आशीर्वाद लिया। इसके अलावा उन्होंने बनारस जाकर बाबा काशी विश्वनाथ के भी दर्शन किए। दोनों ही जगहों की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं, जिस पर लोग प्यार बरसा रहे हैं। एक्ट्रेस अक्षरा सिंह सोशल मीडिया पर खासा एक्टिव रहती हैं। उन्होंने इंस्टाग्राम हैंडल पर तस्वीरों को शेयर करते हुए ने फैंस को बताया कि वह मंदिर पहुंचीं और देवी के दर्शन कर उनका आशीर्वाद लिया। उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'प्रयागराज में इवेंट करके लौटते हुए मां विंध्यवासिनी के दर्शन हुए।' बता दें कि एक्ट्रेस और सांसद मनोज तिवारी शहर एक इवेंट के लिए गए थे। दोनों ने वहां परफॉर्म भी किया था। जिसका वीडियो उन्होंने शेयर किया है।




## इंडी स्लीज़ ड्रेस का दौर

2000 के दशक में इंडी स्लीज़ की पहचान केट मॉस, सिएना मिलर और एलेक्सा चुंग जैसी मॉडल रही हैं। इंडी स्लीज़ ड्रेस अपने कामुक बेबी डॉल कट, पेस्टल रंगों और रोमांटिक लेस डिटेल के लिए जानी जाती हैं। यह सौंदर्यबोध स्प्रिंग/समर 2025 के रुझानों में से एक के रूप में बड़ी वापसी कर रहा है। जिसमें लेस स्कर्ट और रॉक'एन'रोल टी-शर्ट का संयोजन है।

# शॉर्ट ड्रेस में काले नजर आ रहे हैं घुटने, इन्हें साफ करने इनका इस्तेमाल कर पाएं राहत

घुटने काले नजर आते हैं। इसकी वजह से हम शॉर्ट ड्रेस भी सोच समझकर पहनते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि पैरों की स्किन टोन अलग-अलग दिखाई देने लगती है। ऐसे में इन्हें कम करने के लिए आप कुछ ऐसी घरेलू चीजें हैं, जिसका इस्तेमाल करके अपनी स्किन को साफ कर सकती हैं। इससे आपके घुटने साफ हो सकते हैं। साथ ही, आपको शॉर्ट ड्रेस पहनने में कोई दिक्कत भी नहीं होगी।

### एलोवेरा जेल और हल्दी का इस्तेमाल

आप अपने घुटनों को साफ करने के लिए एलोवेरा जेल और हल्दी का इस्तेमाल कर सकती हैं। इससे भी आपके घुटने साफ हो जाएंगे। साथ ही, इससे आपकी स्किन इवन नजर आएगी। इसका इस्तेमाल करना भी काफी आसान होता है।

### इस तरह करें इस्तेमाल

इसके लिए आपको एक कटोरी में फ्रेश एलोवेरा जेल निकालना है। इसमें हल्दी



पाउडर को मिक्स करना है। इसे फिर अपने घुटने पर लगाना है।इस पेस्ट को लगाने के बाद हल्के हाथों से मसाज करें। फिर सूखने दें। इसके बाद पानी से अपने पैरों को साफ कर लें। इसे आप हफ्ते में 2 बार लगाएंगी, तो आपके घुटने साफ नजर आएंगे।

### आलू के रस का करें इस्तेमाल


आप काले घुटनों को साफ करने के लिए आलू के रस का भी इस्तेमाल कर सकती हैं। इससे आपकी स्किन साफ हो जाएगी। इसे इस्तेमाल करना भी काफी आसान है। इसे आप रोजाना भी अपने घुटने पर लगा सकती हैं।

### इस तरह करें आलू का इस्तेमाल

इसके लिए आपको सबसे पहले एक आलू लेना है। फिर इसे आधा काटना है। अब इसमें कॉफी लगाएं और अच्छे से घुटनों पर रब करें। इसे करीब 10 से 15 मिनट के लिए रब करें। फिर इसे लगा रहने दें।इसके बाद इसे पानी से साफ कर लें। इससे आपके घुटने कुछ ही समय में साफ नजर आएंगे।

इस तरह के आप अपने काले घुटनों को साफ कर सकती हैं। इससे आपको शॉर्ट ड्रेस पहनने की जरूरत नहीं पड़ेगी। साथ ही, आपको ज्यादा बाजार के प्रोडक्ट को इस्तेमाल करने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

# हैवी एंब्रॉयडरी आउटफिट पहनते समय इन बातों का रखें ख्याल



अगर आप किसी खास अवसर पर हैवी एंब्रायडिड आउटफिट पहनने का मन बना रही हैं तो ऐसे में कुछ छोटे-छोटे टिप्स यकीनन आपके बेहद काम आएंगे। जब भी हम किसी खास अवसर के लिए तैयार होती हैं तो सबसे पहले अपने आउटफिट पर ही ध्यान देती हैं। अमूमन शादी या पार्टी में पहनने के लिए हैवी एंब्रायडिड लहंगे, साड़ी या अनारकली पहनना काफी अच्छा माना जाता है, क्योंकि इसमें आपका लुक बेहद ही रॉयल लगता है। इस बात में कोई दोराय नहीं है कि हैवी एंब्रायडिड आउटफिट देखने में काफी अच्छे लगते हैं, लेकिन इन्हें स्टाइल करना इतना भी आसान नहीं होता है। अगर इन्हें सही तरह से स्टाइल नहीं किया जाता है तो इससे आप खुद को कढ़ाई के नीचे दबा हुआ व थका हुआ महसूस कर सकती हैं।



यही वजह है कि हैवी एंब्रायडिड आउटफिट पहनते समय थोड़ी स्मार्ट स्टाइलिंग करना बेहद जरूरी होता है। सही ज्वैलरी का चुनाव, लाइट मेकअप, कंफर्टेबल व स्टाइलिश हील्स आपके लुक को परफेक्ट बना सकती हैं। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको बता रहे हैं कि हैवी एंब्रायडिड आउटफिट पहनते समय आपको किन बातों का खास ध्यान रखना चाहिए-

जब आप हैवी एंब्रायडिड आउटफिट पहन रही हैं तो ऐसे में आपको अपने लुक को सही तरह से बैलेंस करना आना चाहिए। वरना आपका लुक बहुत अधिक ओवर लग सकता है। ध्यान रखें कि अगर आपका आउटफिट बहुत हैवी एंब्रायडिड है, तो हेयरस्टाइल, मेकअप और ज्वैलरी को सिंपल रखने की कोशिश करें। उदाहरण के तौर पर, हैवी ज़रदोज़ी लहंगे के साथ सॉफ्ट वेव्स, न्यूड मेकअप, स्टेटमेंट ईयररिंग्स आपके लुक को कॉम्पलीमेंट करेंगे। वहीं, अगर आउटफिट का नेकलाइन हैवी है तो नेकलेस को स्किप किया जा सकता है।

हैवी एंब्रायडिड आउटफिट पहनते समय हेयरस्टाइल पर खासा ध्यान दिया जाना चाहिए। अगर आप हाई बन या ब्रेडेड बन बनाती हैं तो इससे एम्ब्रॉयडरी पर ध्यान जाता है। खासकर आउटफिट हाई-नेक है या फिर अगर आप सिर पर दुपट्टा रखने वाली हैं तो यह लुक्स एकदम परफेक्ट है। वहीं, अगर आप ओपन हेयर लुक चाहती हैं तो ऐसे में साइड-स्वेप्ट कर्ल्स या स्लीक पोनीटेल कर सकती है।

# समर सीजन में स्किन फ्रेश रखने के लिए इन टिप्स को करें फॉलो

गर्मियों के मौसम में पसीना, धूल-मिटटी और प्रदूषण की वजह से चेहरा डल और बेजान नजर आने लगता है। वहीं इस दौरान अगर स्किन की केयर न की जाए तो, स्किन से जुड़ी समस्या भी पैदा हो सकती है। वहीं ये समस्या न हो साथ ही, इस मौसम में स्किन फ्रेश रहे और चेहरे का ग्लो बने रहे इसके लिए हम आपको कुछ टिप्स बता रहे हैं। इन टिप्स को फॉलो करने से समर सीजन में स्किन फ्रेश रहेगी साथ ही, चेहरे पर ग्लो भी आएगा।

### क्लींजिंग का करें इस्तेमाल

चेहरे का ग्लो बना रहे साथ ही, स्किन पर ग्लो आए इसके लिए आप क्लींजिंग का इस्तेमाल करें। इस काम को आप दिन में 2 बार करें। क्लींजिंग करने से चेहरे के पोर्स साफ हो जाते हैं और स्किन फ्रेश और ग्लोइंग नजर आती है। क्लींजिंग का इस्तेमाल आप सुबह और रात को सोने से पहले करें।

### लाइटवेट मॉइस्चराइजर का करें प्रयोग

इस मौसम में कई महिलाएं मॉइस्चराइजर का इस्तेमाल करना बंद कर देती है। लेकिन,



स्किन से जुड़ी समस्या न हो इसके लिए मॉइस्चराइजर का इस्तेमाल करना जरुरी है। वहीं इस मौसम में आप लाइटवेट मॉइस्चराइजर का इस्तेमाल करें।

### करें फेस मास्क का इस्तेमाल

स्किन से जुड़ी समस्या को कम हो साथ ही, स्किन फ्रेश और ग्लोइंग नजर आए इसके लिए आप हफ्ते में 2 दिन फेसमास्क का इस्तेमाल करें। फेस मास्क का इस्तेमाल करने से स्किन को पोषण और धूप की वजह से छिन गया ग्लो भी वापस आता है।

# गर्मी में शरीर पर हो रहीं फुंसियां तो एक्सपर्ट के उपाय आएंगे काम

बदलते मौसम की वजह से कुछ महिलाओं को स्किन प्रॉब्लम होने लगती है। ऐसे में अगर बात करें गर्मी के मौसम की, तो तेज धूप और पसीने की वजह से ऐसी कई महिलाएं हैं, जो घमौरियों का सामना करती हैं। ऐसे में अगर आपके शरीर पर भी बारीक फुंसियां होने लगी है, तो अब आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है।

### घमौरियों का उपाय

अगर आप इन फुंसियों से राहत पाने के लिए और अपने शरीर को खूबसूरत बनाने के लिए बाजार के महंगे प्रोडक्ट का इस्तेमाल कर रही हैं, तो अब आप घर पर रहकर ब्यूटी एक्सपर्ट के बताएं कुछ घरेलू नुस्खे आजमा कर इन सब परेशानियों से राहत पा सकती हैं। आईए जानते हैं ब्यूटी एक्सपर्ट की इस पर क्या राय है।

### ब्यूटी एक्सपर्ट की मानें राय

ब्यूटी एक्सपर्ट वर्षा के मुताबिक गर्मी का मौसम हो



या बारिश का कुछ महिलाओं को बदलते मौसम की वजह से स्किन प्रॉब्लम होने लगती है। ऐसे में अगर आपकी पीठ पर बारीक फुंसियां हो रही है, तो अब आपको टेंशन की जरूरत नहीं है। आप घर पर रहकर इन फुंसियों का इलाज कर सकती है। इसके लिए आप रोजाना सुबह शाम दोनों टाइम फुंसियों वाली जगह पर एलोवेरा जेल लगा सकती हैं। इससे आपको बेहद आराम देखने को मिलेगा।

## कार्नर न्यूज


### आउटफिट को स्टाइल करते वक्त हेयर स्टाइल बनाना भी जरूरी

# वेस्टर्न आउटफिट के साथ क्रिएट करें 10 मिनट में बनने वाले ये हेयर स्टाइल, दिखेंगी खूबसूरत

आउटफिट को स्टाइल करना हम सभी को पसंद होता है। लेकिन इसके साथ स्टाइल करने के लिए हम हर बार ज्वेलरी को खरीदते हैं। ज्वेलरी के बाद आउटफिट अच्छा लगता है। ज्वेलरी के साथ-साथ हेयर स्टाइल भी काफी अट्रैक्टिव होना चाहिए। ऐसा इसलिए क्योंकि इससे लुक अच्छा लगेगा। साथ ही, आपको सिंपल हेयर स्टाइल बनाने का आइडिया मिल जाएगा। चलिए आपको बताते हैं किस तरह के हेयर स्टाइल को आप बना सकती हैं।

ओपन लूज कर्ल हेयर स्टाइल

अगर आपको 10 मिनट में रेडी होना है, तो ऐसे में आप ओपन लूज कर्ल वाले हेयर स्टाइल को क्रिएट कर सकती हैं। इस तरह के हेयर स्टाइल बनने के बाद अच्छे लगते हैं। इसके लिए पहले आपको बालों को कोम्ब करना है। फिर थोड़े-थोड़े पार्ट में बालों को लेकर इन्हें कर्ल करना है। इसे लूज ही रखें। ज्यादा टाइट कर्ल न करें। इसके बाद इन्हें स्प्रे करके सेट करना है। इससे आपके बालों का हेयर स्टाइल अच्छा लगेगा। साथ ही, आप 10 मिनट में रेडी हो जाएंगी।



वेस्टर्न आउटफिट के साथ स्लीक पोनीटेल हेयर स्टाइल भी बनाया जा सकता है। इसे बनाकर आपका लुक भी अच्छा लगेगा। इसके लिए आपको बालों को सेंटर पार्टिशन करना है। इसके बाद पोनीटेल को बनाना है। इस पोनीटेल को बनाते समय आपको बालों को बिल्कुल भी मैसी नहीं करना है। फिर अपने बालों को सेट करें। इस तरह से हेयर स्टाइल बनाकर आपका लुक अच्छा लगेगा।

### ब्रेड ट्विस्टेड बन हेयर स्टाइल

बन हेयर स्टाइल भी बनने के बाद अच्छा लगेगा। इस तरह के हेयर स्टाइल को बनाने में आपको सिर्फ 10 मिनट का समय लगेगा। इसके लिए आपको पहले ब्रेड बनानी है। फिर इसे ट्विस्ट करके बन को क्रिएट करना है। इसके बाद इसे पिन की मदद से सेट करना है। इसे बनाकर आपका पूरा लुक ही चेंज हो जाएगा। इसे आप कभी भी बना सकती हैं। इस बार वेस्टर्न आउटफिट में इन हेयर स्टाइल को क्रिएट करें। इस तरह के हेयर स्टाइल से आपका लुक अच्छा लगेगा। साथ ही, आपको ज्यादा हेयर स्टाइल बनाने में ज्यादा मेहनत नहीं करनी पड़ेगी। इसका आइडिया फोटो से ले सकती हैं।

